17.शनि-ज्येष्ठ कृष्ण 5 मृत्युबाण के बाद दिन 3:6 से उ.षा. में रे.9 ल.7 (सायं 4:9 से) इष्ट 5 प्र.व.वि.14।। (10वाँ भौम अशुभ) या लग्न गोधूलि (सूर्यास्त काल) ल. 9 (रा. 8:42 से) इष्ट 5 प्र.व.वि.14 (8वाँ भौम अशुभ) या ल.12 (रात 2:6 से) इष्ट 6 प्र.व.वि.17।

18.रवि-ज्येष्ठ कृष्ण 6 उ.षा. में दि.3:40 तक रे.8 दिन में पंचेष्ट लग्न का अभाव है।

22. गुरु-ज्येष्ठ कृष्ण 10 उ.भा. में दि.1:29 से रे.7 ल. गोधूलि या ल. 10 (रात 10:27 से) इष्ट 5 प्र.व. वि.13 (7वां भौम दान) या ल.12 (रात 1:45 से) इष्ट 5 प्र.व.वि.12 (लग्न चंद्रदान)।

23.शुक्र-ज्येष्ठ कृष्ण 11 दि.12:6 तक उ.भा. में रे.7 दिन ल.2 (प्रातः 6:45 तक) इष्ट 6 प्र.व. वि.15 दिन 12:6 से रेवती में केतुवेध है।

24.शनि-ज्ये.कृ.12 रेवती में पूर्वदोष।

28.बुध-ज्येष्ठ शुक्ल 1 मृगशिरा में सूर्य योग्य है।

जून

1.रवि-ज्येष्ठ शुक्ल 6 रात 1:41 से मघा में भौम योग्य है।

2.सोम-ज्येष्ठ शुक्ल 7 मघा में पूर्वदोष।

4.बुध-ज्येष्ठ शु. 9 उ.फा. में केतुयुति।

5.गुरु-ज्येष्ठ शुक्ल 10 उ.फा. में पूर्व दोष। प्रातः 5:41 से दि.11:29 व्यतीपात पूर्व हस्त में रे.8 दिन ल.4 (दिन 8:7 से) इष्ट 5 प्र.व.वि.14 या ल.5 (दिन 10:25 से) इष्ट 5 प्र.व.वि.13।। (लग्नस्थ केतुदान)।

6.शुक्र-ज्येष्ठ शुक्ल 11 हस्त में व्यतिपात दोष है।

7.शनि-ज्येष्ठ शुक्ल 12 दिन 10:21 से स्वाती में रे.8 दिन ल.5 (दिन 10:21 से) इष्ट 5 प्र.व.वि.13।। (लग्नस्थ केतुदान)। या ल.6 (दिन 12:31 से) इष्ट 5 प्र.व.वि.13 (7वां शनिदान) या ल.गोधूलि (सूर्यास्त-काल) या ल.9 (रात 7:17 से) इष्ट 5 प्र.व.वि.14 (8वां भौम अशुभ) या ल.10 (रात 9:23 से) इष्ट 5 प्र.व.वि.10 (7वां भौमदान) या ल.12 (रात 12:41 से) इष्ट 5 प्र.व.वि.12 (8वां चंद्र अशुभ)।

8.रवि-ज्येष्ठ शुक्ल 12 दिन 12:58 तक स्वाती में रे.7 ल.5 (दिन 10:13 से) इष्ट 5 प्र.व.वि.13।। (7वाँ राहुदान) या ल.6 (दिन 12:27 से) इष्ट 6 प्र.व.वि.15 (7वाँ शनिदान)। आगे शुक्रास्त दोष है।

नवम्बर

21.शुक्र-मार्गशीर्ष शुक्ल 1 अनुराधा में सूर्ययुति।

22.शनि-मार्गशीर्ष शुक्ल 2 दिन 3:48 से मूल में रे.10 ल.गोधूलि (सूर्यास्तकाल) या ल.3 (सायं 6:57 से) इष्ट 6 प्र.व.वि.13।। (7वां चन्द्र अशुभ) या ल.4 (रात 9:11 से) इष्ट 5 प्र.व.वि.10 (6ठाँ चन्द्र अशुभ)। या ल.6 (रात 1:43 से) इष्ट 7 प्र.व. वि.15 या ल.7 (रात 3:56 से) इष्ट 5 प्र.व.वि 14।

23.रवि-मार्गशीर्ष शुक्ल 3 सायं 6:1 तक मूल में रे.8 ल.10 (दिन 10:34 से) इष्ट 5 प्र.व.वि.10।। (7वां गुरु दान) या ल.गोधूलि (सूर्यास्त काल)।

24.सोम-मार्गशीर्ष शु. 4 रात 7:51 से उ.षा. में रे.7 ल. गोधूलि (सूर्यास्त-काल) या ल.3 (सायं 6:49 से) इष्ट 6 प्र.व.वि. 13।। (7वां चन्द्र अशुभ) या ल.4 (रात 9:3 से) इष्ट 5 प्र. व.वि.10 (6ठां चन्द्र अशुभ) या ल.6 (रात 1:35 से) इष्ट 7 प्र.व. वि.15।

25.मंगल-मार्गशीर्ष शु.5 रात 9:15 तक उ.षा. में रे.7 ल.9 (दिन 8:20 से) इष्ट 5 प्र.व. वि.12।। (8वां गुरुदान) या ल.10 (दिन 10:26 से) इष्ट 5 प्र.व.वि.10।। (लग्नस्थ चन्द्र दान) या ल.गोधूलि (सूर्यास्त काल) या ल.3 (रात 6:45 से) इष्ट 5 प्र.व. वि.13।। (8वां चन्द्र अशुभ)।

26.शनि-मार्गशीर्ष शुक्ल 9 रात 9:50 से उ.भा. में रे.7 ल.4 (रात 8:42 से) इष्ट 5 प्र.व.वि. 10 या (7वाँ चन्द्र अशुभ) या ल.6 (रात 1:14 से) इष्ट 6 प्र.व.वि. 15 (3रा शुक्र अशुभ)।

30.रवि-मार्गशीर्ष शुक्ल 10 उ.भा. रे.8ल.10 (दिन 10:4 से) इष्ट 6 प्र.व.वि.15।। (7वां गुरु दान) या ल.गोधूलि (सूर्यास्त काल) या ल.3 (सायं 6:23 से) इष्ट 5 प्र. व.वि. 13।। (6ठाँ शुक्र अशुभ) या ल.4 (सायं 8:37 से) इष्ट 5 प्र.व.वि.10 या रात 1:16 व्यतीपात पूर्व रेवती में रे.9 ल.6 (रात 1:9 से) इष्ट 6 प्र.व.वि.15 (3रे शुक्र अशुभ)।

दिसम्बर

1.सोम-मार्गशीर्ष शुक्ल 11 रेवती में व्यतिपात दोष है।

4.गुरु-मार्गशीर्ष शुक्ल 14 दिन 3:2 से रोहिणी में रे.8 ल.1 (दिन 2:34 से) इष्ट 5 प्र.व.वि.14।। (8वां भौम अशुभ) या ल.गोधूलि (सूर्यास्त काल) या ल.3 (सायं 6:7 से) इष्ट 5 प्र.व.वि. 13।। (6ठां शुक्र अशुभ) या ल.4 (रात 8:21 से) इष्ट 6 प्र.व.वि.10।

5.शुक्र-पौष कृष्ण 1 दिन 1:22 तक रोहिणी में मृत्युबाण पूर्व रे.8 ल.1 (दिन 2:30 से) इष्ट 5 प्र.व.वि.15। (8वां भौम अशुभ) या ल.गोधूलि (सूर्यास्तकाल) या ल.3 (सायं 6:3 से) इष्ट 5 प्र.व. वि.13।। (6ठां शुक्र अशुभ)।

6.शनि-पौष कृष्ण 2 मृगशिरा में मृत्युबाण है। पश्चात शुक्रास्त दोष है।

वधू प्रवेश व द्विरागमन मुहूर्त

फरवरी

13.गुरु-फाल्गुन कृष्ण 1 मघा में वधूप्रवेश (ल.2 दिन 11:1 से)।

21.शुक्र-फाल्गुन कृष्ण 8 अनुराधा वधूप्रवेश (ल.11 प्रा.7:26 तक) द्विरागमन (ल.12 प्रातः 7:26 से)।

मार्च

3.सोम-फाल्गुन शुक्ल 4 अश्विनी में द्विरागमन (ल.7 रात 9:55 से)।

6.गुरु-फाल्गुन शु.7 रोहिणी में वधू-प्रवेश/द्विरागमन (ल.2 दि.9:42 से।)

7.शुक्र-फाल्गुन शुक्ल 8 मृगशिरा में वधूप्रवेश (ल.2 दिन 9:38 से) द्विरागमन (ल.3 दिन 11:34 से)।

अप्रैल

14.सोम-वैशाख कृष्ण 1 स्वाती में वधू प्रवेश/द्विरा.(ल.2 प्रातः 7:19 से) द्विरा.(ल.3 दिन 9:15 से) वधू (ल.8 रात 8:30 से)।

21.सोम-वैशाख कृष्ण 8 उ.षा. में वधू/द्वि. (ल.2 प्रातः 6:54 से)।

23.बुध-वैशाख कृष्ण 10 शतभिषा में द्विरा.ल.7 (सायं 5:42 से) (8वां गुरुदान) ल.8 (रात 7:58 से) ल.12 (रात 3:39 से) (लग्न का राहु दान)।

30. बुध-वैशाख शुक्ल 3 रोहणी में द्विरा.ल.2 (प्रातः 6:18 से)। द्विरा. ल.3 (प्रातः 8:14 से)।

मई

1.गुरु-वैशाख शुक्ल 4 रिक्ता भद्रा बाद मृगशिरा में द्विरागमन ल.7 (सायं 5:9 से) (8वां गुरु दान)।

8.गुरु-वैशाख शुक्ल 11 हस्त में वधूप्रवेश (ल.12 रात 2:40 से) लग्न राहुदान।

9.शुक्र-वैशाख शुक्ल 12 हस्त में वधूप्रवेश/द्विरागमन (ल.2 प्रातः 5:45 से) द्विरागमन (ल.3 दिन 7:41 से) द्विरा. (ल.7 सा.4:40 से) द्विरागमन ल.8 (सायं 6:56 से) (8वां गुरुदान)।

नवम्बर

27.गुरु-मार्गशीर्ष शुक्ल 7 धनिष्ठा में वधूप्रवेश/द्विरागमन (ल.2 सायं 4:40 से) द्विरागमन (ल.3 सायं 6:36 से)।

दिसम्बर

5.शुक्र-पौष कृष्ण 1 रोहिणी में वधूप्रवेश/द्विरागमन (ल.2 सायं 4:7 से) द्विरागमन ल.6 (रात 12:49 से) वधू. (ल.3 सायं 6:3 से) ल.7 (रात 3:2 से)।

8.सोम-पौष कृष्ण 4 रिक्ताबाद पुष्य में द्विरागमन (ल.6 रात 12:35 से) वधू (ल.7 रात 2:48 से)।

यज्ञोपवीत (उपनयन) मुहूर्त

जनवरी

15.बुध-माघ कृ.2 श्लेषा में ल.2 (दि.1:3 से) 5वाँ केतुदान।

16.गुरु-माघ कृष्ण 3 श्लेषा में ल.10 (दि.8:22 तक) ल.1 (दि.11:21 से)।

फरवरी

7. शुक्र-माघ शुक्ल 10 रोहिणी में ल.10 (प्रा.6:51 तक), ल.12 (दिन 8:22 से)।

14.शुक्र-फाल्गुन कृष्ण 2 पू.फा. में ल.2 (दिन 10:57 से) 5वाँ केतुदान।

मार्च

6. गुरु-फाल्गुन शुक्ल 7 रोहिणी में ल.12 (प्रा.6:37 से) लग्नस्थ राहुदान, ल.2 (दि.9:42 से) 5वें राहुदान।

अप्रैल

4.शुक्र-चैत्र शुक्ल 7 मृगशिरा में विप्र बालक ल.3 (दिन 9:51 से)।

7.सोम-चैत्र शुक्ल 10 पुष्य में विप्र बालक ल.3 (दिन 9:40 से)।

9.बुध-चैत्र शुक्ल 12 मघा में विप्र बालक (ल.3 (दिन 9:33 से)।

14.सोम-वैशाख कृ.1 स्वाती में ल.3।

30.बुध-वैशाख शुक्ल 3 रोहिणी ल.2 (प्रातः 6:18 से) 5वाँ केतुदान।

मई

2.शुक्र-वैशाख शुक्ल 5 आर्द्रा में रोगबाण है।

9.शुक्र-वैशाख शुक्ल 12 हस्त में ल.3 (प्रातः 7:41 से)।

15.गुरु-ज्येष्ठ कृष्ण 3 मूल में ल.3 (प्रातः 7:19 से।

29.गुरु-ज्येष्ठ शुक्ल 3 आर्द्रा में ल.3 (दिन 8:35 से)।

जून

6.शुक्र-ज्येष्ठ शुक्ल 11 हस्त में ल.3 (प्रातः 5:49 से)।

8.रवि-ज्येष्ठ शुक्ल 12 स्वाती में ल.3 प्रातः 5:49 से।

चौल (मुण्डन) एवं कर्णवेध मुहूर्त

अप्रैल

14.सोम-वैशाख कृष्ण 1 स्वाती में ल.2 (प्रातः 7:19 से) या ल.3 (दिन 9:15 से)।

मई

9.शुक्र-वैशाख शुक्ल 12 हस्त में कर्णवेध ल.2 (प्रातः 5:45 से) या ल.3 (प्रातः 7:41 से)।

जून

5.गुरु-ज्येष्ठ शुक्ल 10 हस्त में चौल/कर्णवेध ल.3 (प्रातः 7:52 से)।

गृहारम्भ मुहूर्त

फरवरी

7.शुक्र-माघ शुक्ल 10 रोहिणी ल.2 (दिन 11:27 से)।

अप्रैल

13.सोम-वैशाख कृष्ण 1 स्वाती में गृहारंभ ल.3 (दिन 9:15 से) ल.8 (रात 8:30 से)।

मई

9.शुक्र-वैशाख शुक्ल 12 हस्त में ल.3 (दिन 7:41 से)।

जून

5.गुरु-ज्येष्ठ शुक्ल 10 हस्त में ल.3 (प्रातः 7:52 से।)

8.रवि-ज्येष्ठ शुक्ल 12 स्वाती में चन्द्र शुद्धि।

अगस्त

4.सोम-श्रावण शुक्ल 10 अनुराधा में च.शु.।

9.शनि-श्रावण शुक्ल 15 श्रवण में च.शु.।

11.सोम-भाद्रपद कृष्ण 2 शतभिषा ल.8 (दिन 12:45 से)।

सितम्बर

4.गुरु-भाद्रपद शुक्ल 12 उ.षा. में ल. 8 (दिन 11:13 से) 8वां गुरुदान या ल.9 (दिन 1:30 से) 8वां शुक्रदान।

5.शुक्र-भाद्रपद शुक्ल 13 श्रवण ल.8 (दिन 11:10 से) 8वां गुरुदान या ल.9 (दिन 1:27 से) 8वां शुक्रदान।

नवम्बर

27.गुरु-मार्गशीर्ष शुक्ल 7 धनिष्ठा में ल.11 (दिन 12:4 से) लग्न राहुदान या ल.2 (दिन 4:40 से) या ल.3 (सायं 6:36 से)।

दिसम्बर

4.गुरु-मार्गशीर्ष शुक्ल 14 रिक्ताबाद रोहिणी में ल.3 (सायं 6:30 से)।

गृहप्रवेश मुहूर्त

जनवरी

24.शुक्र-माघ कृष्ण 10 अनुराधा में ल.6 (रात 9:7 से) लग्नस्थ केतुदान।

फरवरी

7.शुक्र-माघ शुक्ल 10 रोहिणी में ल.2 (दिन 11:27 से)।

मार्च

6.गुरु-फाल्गुन शुक्ल 7 रोहिणी में ल.2 (दि.9:42 से)।

अप्रैल

25.शुक्र-वैशाख कृष्ण 12 उ.भा में ल.2 (प्रातः 6:44 से)।

मई

23.शुक्र-ज्येष्ठ कृष्ण 11 उ.भा. में ल.3 (प्रातः 6:45 से)।

जून

9.सोम-ज्येष्ठ शुक्ल 13 विशाखा में ल.3 (प्रातः 5:37 से)।

जुलाई

21.सोम-श्रावण कृष्ण 11 रोहिणी में जीर्णादि गृह. ल.6 (दिन 9:33) लग्न केतुदान। या मृगशिरा में ल.12 (रात 9:43 से) शनिदान।

अगस्त

4.सोम-श्रावण शुक्ल 10 अनुराधा में जीर्ण.(चन्द्र शुद्धि)

7.गुरु-श्रावण शुक्ल 13 उ.षा. में जीर्ण. रिक्ता दोष।

अक्टूबर

15.बुध-कार्तिक कृष्ण 9 रिक्ताबाद पुष्य में ल.12 (सायं 4:25 से) जीर्ण.।

नवम्बर

27.गुरु-मार्गशीर्ष शुक्ल 7 धनिष्ठा जीर्ण ल.9 (दिन 8:11 से) ल.11 (दिन 12:14 से) 4था राहुदान या ल.12 (दिन 1:35 से) 8वां बुधदान या ल.3 (सायं 6:36 से)।

29.शनि-मार्गशीर्ष शुक्ल 9 रिक्ताबाद उ.भा. में (चं.शु.)।

विद्यारम्भ व अक्षरारम्भ मुहूर्त

जनवरी

15.बुध-माघ कृष्ण 2 श्लेषा में ल.12 (दि.9:58 से), ल.2 (दि.1:3 से) विद्यारम्भ।

16.गुरु-माघ कृष्ण 3 श्लेषा में ल.12 (दि.9:53 से) विद्यारम्भ।

फरवरी

9.रवि-माघ शुक्ल 12 आर्द्रा में ल.2 (दि.11:18 से)।

14.शुक्र-फाल्गुन कृष्ण 2 पू.फा. में ल.2 (दि.10:57 से)।

अप्रैल

14.सोम-वैशा.कृ.1 स्वाती में (ल.2 (प्रातः 7:19 से) या ल.3 (दिन 9:15 से।

मई

2.शुक्र-वैशाख शुक्ल 5 आर्द्रा में अक्षरा/विद्या. ल.2 (प्रातः 6:11 से) ल.3 (दिन 8:7 से)।

9.शुक्र-वैशाख शुक्ल 12 हस्त में अक्षरा/विद्या. ल.2 (प्रातः 5:45 से) या ल.3 (प्रातः 7:41 से)।

15.गुरु-ज्येष्ठ कृष्ण 3 मूल में विद्या. (ल.3 (प्रातः 7:19 से)।

29.गुरु-ज्येष्ठ शुक्ल 3 आर्द्रा विद्या./अक्ष. ल.3 (प्रातः 6:21 से।

विपणि-दुकान मुहूर्त

जनवरी

10.शुक्र-पौष शुक्ल 11 रोहिणी में विपणि।

11.शनि-पौष शुक्ल 12 रोहिणी में विपणि।

20.सोम-माघ कृष्ण 6 चित्रा में विपणि/व्यापार।

24.शुक्र-माघ कृष्ण 10 अनुराधा विपणि/व्यापार।

फरवरी

7.शुक्र-माघ शुक्ल 10 रोहिणी में विपणि/व्यापार।

21.शुक्र-फाल्गुन कृष्ण 8 अनुराधा विपणि/व्यापार।

मार्च

3.सोम-फाल्गुन शुक्ल 4 अश्विनी में विपणि/व्यापार।

6.गुरु-फाल्गुन शुक्ल 7 रोहिणी में विपणि।

7.शुक्र-फाल्गुन शुक्ल 8 मृगशिरा में विपणि/व्यापार।

20.गुरु-चैत्र कृष्ण 6 अनुराधा में विपणि/व्यापार।

31.सोम-चैत्र शुक्ल 2 अश्विनी विपणी/व्यापार।

अप्रैल

1.बुध-चैत्र शुक्ल 4 रोहिणी विपणि (पंचमी में)।

3.गुरु-चैत्र शु. 6 रोहिणी विपणि। दिन 11158 उ. मृगशिरा विपणि/व्यापार।

4.शुक्र-चैत्र शुक्ल 7 मृगशिरा विपणि/व्यापार।

7.सोम-चैत्र शुक्ल 10 पुष्य विपणि/व्यापार।

14.सोम-वैशाख कृष्ण 1 स्वाती विपणि/व्यापार।

25.शुक्र-वैशाख कृष्ण 12 उ.भा. विपणि।

30.बुध-वैशाख शुक्ल 3 रोहिणी विपणि।

मई

1.गुरु-वैशाख शुक्ल 4 मृगशिरा विपणि/व्यापार (पंचमी में)।

9.शुक्र-वैशाख शुक्ल 12 हस्त विपणि/व्यापार।

14.बुध-ज्येष्ठ कृष्ण 2 अनुराधा विपणि।

15.गुरु-ज्येष्ठ कृष्ण 3 मूल विपणि।

23.शुक्र-ज्येष्ठ कृष्ण 11 उ.भा. विपणि।

जून

5.गुरु-ज्येष्ठ शुक्ल 10 हस्त विपणि/व्यापार

6.शुक्र-ज्येष्ठ शुक्ल 11 चित्रा विपणि/व्यापार

8.रवि-ज्येष्ठ शुक्ल 12 स्वाती विपणि।

12.गुरु-आषाढ़ कृष्ण 1 मूल विपणि।

19.गुरु-आषाढ़ कृष्ण 8 उ.भा. विपणि।

जुलाई

2.बुध-आषाढ़ शुक्ल उ.फा. विपणि।

3.गुरु-आषाढ़ शुक्ल 8 हस्त विपणि/व्यापार।

7.सोम-आषाढ़ शुक्ल 12 अनुराधा विपणि/व्यापार।

21.सोम-आषाढ़ कृष्ण 11 रोहिणी विपणि।

अगस्त

1.शुक्र-श्रावण शुक्ल 8 स्वाती विपणि/व्यापार।

6.बुध-श्रावण शुक्ल 12 मूल विपणि।

18.सोम-भाद्रपद कृष्ण 10 मृगशिरा विपणि/व्यापार।

29.शुक्र-भाद्रपद शु. 6 स्वाती विपणि/व्यापार।

सितम्बर

10.बुध-आश्विन कृ. 3 रेवती विपणि।

14.रवि-आश्विन कृष्ण 7 रोहिणी विपणि।

15.सोम-आश्विन कृष्ण 8 मृगशिरा विपणि/व्यापार।

18.गुरु-आश्विन कृष्ण 12 पुष्य विपणि/व्यापार।

27.शनि-आश्विन शुक्ल 5 अनुराधा विपणि।

29.सोम-आश्विन शुक्ल 7 मूल विपणि/व्यापार।

अक्टूबर

8.बुध-कार्तिक कृष्ण 1 अश्विनी विपणि।

9.गुरु-कार्तिक कृष्ण 3 भरणी विपणि/व्यापार।

12.रवि-कार्तिक कृष्ण 6 मृगशिरा विपणि।

26.रवि-कार्तिक शुक्ल 5 ज्येष्ठा विपणि।

27.सोम-कार्तिक शुक्ल 6 मूल विपणि।

नवम्बर

2.रवि-कार्तिक शुक्ल 12 उ.भा. विपणि।

3.सोम-कार्तिक शुक्ल 13 उ.भा. विपणि।

7.शुक्र-मार्ग.कृष्ण 2 रोहिणी विपणि।

16.रवि-मार्गशीर्ष कृष्ण 12 हस्त विपणि।

23.रवि-मार्गशीर्ष शु. 3 मूल विपणि।

30.रवि-मार्ग.शुक्ल 10 उ.भा. विपणि।

दिसम्बर

12.शुक्र-पौष कृष्ण 8 उ.फा. विपणि।

14.रवि-पौष कृष्ण 10 हस्त विपणि/व्यापार।

28.रवि-पौष शुक्ल 8 रेवती विपणि।

जलाशयारम्भ देव प्रतिष्ठा मुहूर्त

अप्रैल

14.सोम-वैशाख कृष्ण 1 स्वाती में ल.3 (दिन 9:15 से)।

मई

1.गुरु-वैशाख शुक्ल 4 मृगशिरा में ल.6 शुभलग्नाभाव।

9.शुक्र-वैशाख शुक्ल 12 हस्त में ल.3 (प्रातः 7:41 से।)

मुस्लिम शादी की मुबारक तारीखें

चन्द्रदर्शन के अनुसार अंग्रेजी तारीख में शादियाँ दी गयी हैं।

जनवरी

(जमादि उस्सानी 30 से सावन 1 तक)

ता.1 से3, 5 से8,10 से13,15 से18,20 से 23, 25 से 28,30 व 31।

फरवरी

(सावान 2 से सावान 29 तक)

ता.1,2,4 से 7,9 से 12,14 से 17,19 से 22,24 से 27।

मार्च

(सावान 21 से सव्वाल 1 तक ता.2 से 30 तक रमजान)

ता. 11 रमजान महीने में शादियाँ नहीं होंगी।

अप्रैल

(सव्वाल 2 से जिल्काद 1 तक)

ता.2 से 4 तक सव्वाल महीने में शादियाँ नहीं होंगी। ता.5,6,8 से 11,13 से 16,18 से 21,23 से 26, 28 से 30।

मई

(जिल्काद 2 से जिलहिज 3 तक)

ता.1,3 से 6,8 से 11,13 से 16,18 से 21,23 से 26,28 से 30।

जून

(जिलहिज 4 से मुहर्रम 4 तक)

ता.1 से 4,6 से 9,11 से 14,16 से 19,21 से 24,26 ता.27 से 30 तक मुहर्रम महीने में शादियाँ नही होगी।

जुलाई

(मुहर्रम 5 से सफर 5 तक)

ता.1 से 6 तक मोहर्रम महीने में शादियाँ नही होंगी। ता.7 से 26 तक खिच्चड़ रश्म से शादियाँ होगी। खिच्चड़ रश्म से शादियाँ—ता.7,8,10 से 13,15 से 18,20 से 23,25 व 26। ता.27 से सफर महीने में शादियाँ नहीं होंगी।

अगस्त

(सफर 6 से रवि उल अव्वल 7 तक)

ता.1 से 8 तक सफर महीने में शादियाँ नही होंगी। ता.9 से 12,14 से 17,19 से 22,व 24,25 ता.26 से 31 तक रवि उलअव्वल महीने में शादियाँ नहीं होंगी।

सितम्बर

(रविउल अव्वल 8 से रवि उस्सानी 7 तक)

ता.1 से 7 तक (रवि उल अव्वल महीने में शादियाँ नहीं होंगी। ता.8 से 11, 13 से 16,18 से 21,23 से 25,27 से 30।

अक्टूबर

(रवि उस्सानी 8 से जमादि उल अव्वल 8 तक)

ता.2 से 5,7 से 10,12 से 15,17 से 20,22 से 25, 27 से 30।

नवम्बर

(जमादि उल अव्वल 9 से जमादि उस्सानी 9 तक)

ता.1 से4,6 से9,11 से14,16 से19,21 से 24,26 से 29।

दिसम्बर

(जमादि उस्सानी 10 से रज्जब 10 तक)

ता.1 से 4,6 से 9,11 से 14,16 से 19, 21 से 24,26 से 29 व 31।

तलाक का सरियत

मुस्लिम सम्प्रदाय में मर्द किसी वजह से सात बार तलाक दे सकता है। पूर्व सरियत के अनुसार जायज माना जाता है। परन्तु सुप्रीम कोर्ट से पारित नये अध्यादेश मे स्पष्ट कर दिया गया है कि अब तलाक लड़की और लड़का दोनों की रजामन्दी से जायज माना जायेगा। अपने न्याय के लिए लड़की न्यायालय में जा सकती है।

संवत्सर का फल-सन् 2025 ई.

स जयति सिन्दुरवदनो देवो यत्पादपङ्कजस्मरणम्। वासरमणिरिव तमसां राशिं नाशयति विघ्नानाम्।।

नूतन वर्ष आरम्भ होने पर घर को पवित्र करके कलश-स्थापन करना चाहिए तथा ध्वजारोहण करना चाहिए तथा विद्वान् ब्राह्मण को बुलाकर उसका उचित पूजन कर पंचांग-फल सुनना चाहिए। इससे गंगास्नान एवं सूर्यग्रहण समान फल प्राप्त होता है। इस दिन नीम की मुलायम पत्ती व फल, जीरा, काली मिर्च, हींग, नमक पीसकर खाने से वर्षभर शरीर निरोग रहता है।

वर्षफल सन् 2025 ई.

वर्तमान वर्ष में सृष्ट्याब्द 1955885126 वर्ष गत होकर कृतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग गत होकर कलियुग का 5126 वर्ष गत होकर भोग्यादि 426874 वर्ष शेष रह जायेगा। श्री विक्रमादित्य संवत् 2082 वर्ष, शालिवाहन शाके का 1947 वर्ष रह जायेगा।

वर्ष के आरम्भ से 29 मार्च सन् 2025, संवत् 2081 तक 'पिंगल' नामक संवत्सर तथा 30 मार्च सन् 2025 ई. संवत् 2082 से वार्हस्पत्य मान से 60 संवत्सरों में 52वाँ संवत्सर 'कालयुक्त' नामक संवत्सर का प्रवेश होगा।

मेषादि गतमासादि 1/18/40/20/12 गत होकर 10/11/19/39/48 से "सिद्धार्थ" नामक संवत्सर का प्रवेश होगा, परन्तु वर्षभर "कालयुक्त" नामक संवत्सर का ही संकल्पादि में प्रयोग होगा।

संवत् 2082 शक 1947 में वर्तमान वर्ष के राजा-सूर्य, मंत्री-सूर्य, सस्येश-बुध, धान्येश-भौम, मेघेश- सूर्य, रसेश-शुक्र, नीरसेश-बुध, फलेश-शनि, धनेश-बुध, दुर्गेश-सूर्य। इस संवत्सर में ये दस ग्रहमंत्री भूमण्डल पर शासन करेंगे।

विंशोपक फल-सं.2082 सन् 2025 ई.

अग्निदैवत युग वर्ष नाम 'कार्तिक' मेघ नाम-संवर्त, रोहिणी निवास संधि में (समुद्र तट), समय-निवास, वाणिक गृह (बनिया घर), समय विश्वा-12, समय वाहन-अश्व (घोड़ा), स्तंभ 3 (जल-तृण-वायु), सोमवती अमावस्या (शून्य), सोमवती पंचमी एक, अंगारकी चतुर्थी एक, भानु सप्तमी-2, बुधाष्टमी (शून्य), रवि दशमी-एक समय मुहूर्त-360, समय दिन-355, तिथिक्षय-15, तिथिवृद्धि-10, उत्पत्तिविश्वा 11, खपतविश्वा-13, वर्षा विश्वा-11, धान्य-11, तृण-5, शीत-13, तेज-17, वायु-13, वृद्धि-15, क्षय-15, विग्रह-11, ऐक्य-111, शनि दृष्टि-उत्तर, सत्य-आधा, धर्म-डेढ़, पाप-18, ग्रहण-1 (चन्द्रग्रहण)।

संवत्सर फल

कालयुक्त संवत्सर फल—शासकों में मतभेद तथा युद्ध होगा तथा रोगों में वृद्धि तथा अतिवृष्टि से कष्ट होगा।

सिद्धार्थ फल—उत्तम वर्षा, फसल का उत्पादन उत्तम, शासक प्रसन्न रहें।

दस अधिकारी फल

1. राजा सूर्य—अल्प वर्षा तथा अन्न व फल का उत्पादन कम होता है। गायें अल्प दूध देती हैं। जनता को पीड़ा, चोर तथा अग्नि का भय होता है। राजाओं का मरण होता है।

2. मंत्री सूर्य—जनता में रोग तथा चोरों से भय होगा। राजभय होगा। पृथ्वी पर प्रचुर अन्न का उत्पादन होगा, रस पदार्थ सस्ते होंगे।

3. सस्येश बुध—मेघ अधिक वर्षा कारक, देश में सुख समृद्धि, उपद्रव रहित, द्विज लोग शांति पूर्वक भक्ति में तत्पर रहेंगे।

4. रसेश शुक्र—उत्तम वृष्टि से जनता प्रसन्न, सुख समृद्धि तथा शासकों में जन सेवा हेतु तत्परता होगी।

5. नीरसेश बुध—चित्रित वस्त्र, शंख तथा चन्दन का मूल्य महँगा होगा।

6. मेघेश सूर्य—मेघ अल्पवर्षा करक होंगे। स्वल्प अन्न का उत्पादन होगा तथा संसार में भय व्याप्त होगा।

7. धान्येश भौम—गेहूँ, सरसो, मूँग, तिल, उरद तथा मूँगा के भावों में वृद्धि होगी।

8. दुर्गेश सूर्य—शासन द्वारा नीति सम्पन्न व्यवहार, निर्भीकता, यात्री का भय रहित यात्रा, सुव्यस्थित शासन होता है।

9. धनेश बुध—विविध वस्तुओं का लोगों द्वारा संग्रह लाभपद रहेगा। विप्रवर्ग जप, यज्ञ में तल्लीन होंगे, कृषि पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

10. फलेश शनि—फल, पुष्प तथा वृक्षों के लिये कलह, मनुष्यों तथा चोरों से द्विजाति को कष्ट, जनपदों में जन समूह व्याकुल रहेगा।

11. रोहिणी निवास—समुद्र में महावृष्टि।

12. संवत्सर निवास—मालाकार गृह में फल-समर्घता।

13. समयवाहन गज फल—सुभिक्ष, सुख, वर्षाकाल में उत्तम वर्षा होती है।

14. नवमेघ नील नामक संवसर फल—शीघ्र वर्षा होवे।

15. द्वादश मेघ हेममाली फल—महावृष्टि।

16. वृष्टि प्रमाण—100। पर्वत 50, समुद्र-25, भूमि 12।।

आर्द्रा प्रवेश—आषाढ़ कृष्ण।

तिथि 12 फल—शुभ।

रविवार फल—पशुनाश।

भरणी नक्षत्र फल—अशुभ।

सुकर्मा योग फल—धर्म आचरण।

दिवा बेला फल—सस्य कृषि नाशक।

प्रभवादि द्विगुणमित्यादि के अनुसार शेष (3) फल मध्यम। त्रिघ्न संवत्सर इत्यादि अनुसार शेष (0) फल रौरव। द्विघ्नसंवत्सर इत्यादि अनुसार शेष (3) फल मध्यम। शक से शेष (1) फल सुभिक्ष। सर्वसंक्रान्ति मुहूर्तों का योग (330) तथा चन्द्रदर्शन (360)। अतः इस वर्ष सुभिक्ष कारक है। अष्टोत्तरी आययोग (99), व्यययोग (93)। अतः विन्ध्य से दक्षिणनिवासियों को सुख होगें। विंशोत्तरी आययोग (123), व्ययोग (75)। अतः विन्ध्य से उत्तर निवासी सुखी होंगे।

मासफल-तेजी-मंदी

जनवरी

पश्चिम राष्ट्रों में युद्धादि भय रहेगा। यवन तथा मुस्लिम राष्ट्रों में मँहगाई से जनता को कष्ट होगा। कहीं पदत्याग तथा राजनैतिक हत्याकाण्ड की घटना घटित होगी। किसी मुस्लिम राष्ट्र के प्रधान नेता के समक्ष विषम परिस्थितियाँ प्रगट होंगी। आरोपों के साथ मानहानि होगी। लोकहित में कार्य होंगे। सरकारी कोष तथा उद्योग धन्धों में वृद्धि होगी। सूचना प्रसारण तथा प्रकाशन हेतु मास कष्टकारी है। पशुओं को रोग होंगे। ज्वरादि का प्रकोप होगा। उत्तर पश्चिम भाग में जन उपद्रव व अग्निकांड से क्षति संभव है। विपक्षी प्रबल होंगे।

तेजी मंदी—तिल, मूंगफली, अलसी, सरसों तथा तेलों में तेजी। शेयरों में अस्थिरता पश्चात तेजी आयेगी। रसायनिक पदार्थों में मंदी, चावल, गेहूँ, चना, मूँग, मोठ, मिर्च, मसालों तथा ऊनी वस्त्र और सोना-चाँदी में तेजी रहेगी।

फरवरी

धार्मिक तथा सामाजिक संस्थाओं, चिकित्सालयों तथा सार्वजनिक उपक्रमों के संचालन में धन की कमी होगी। बन्दी सुधार गृहों में अराजकता होगी। कर्मचारियों द्वारा हड़ताल व आन्दोलन होंगे। किसी विशिष्ट व्यक्ति का निधन संभव है। राष्ट्रविरोधी षडयंत्रकारी कार्य होंगे। बजट जन अपेक्षा अनुरूप नहीं होगा। अपराधिक घटनायें बढ़ेंगी। यान दुर्घटना संभव है। उत्तरी पूर्वी प्रान्तों तथा सुदूर पूर्वी प्रान्तों में कानून व्यवस्था की हानि होगी।

तेजी मंदी—चीनी, गुड़, शक्कर, मोठ, चावल के भावों में अस्थिरता। मेवादि, सोना-चाँदी, रुई, कपास तथा रसायनिक पदार्थ तथा मशीनरी में तेजी आयेगी। शेयरों में मंदी। प्लास्टिक तथा स्टील, ताँबा, पीतल, जस्ता में तेजी रहेगी।

मार्च

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में प्रगति होगी। दक्षिणी गोलार्ध के देशों में अग्निकाण्ड से क्षति। कुछ राष्ट्र रोग अथवा महामारी से प्रभावित होंगे। विश्व में विनाशकारी शस्त्रों का भय होगा। उत्पादन में वृद्धि होगी। देश में आरोग्यता रहेगी। श्रमिकों तथा कर्मचारियों की समस्या का समाधान होगा। पश्चिमोत्तर भाग में राजनैतिक अस्थिरता तथा हिंसा होगी। चक्रवात का प्रकोप होगा। वाहन दुर्घटना तथा साम्प्रदायिक तनाव होंगे। अपराध तथा उपद्रवों की अधिकता होगी। मुस्लिम राष्ट्रों में मानवाधिकारों का उल्लंघन होगा।

तेजी मंदी—मूंग, मोठ, दलहन, अनाजों में मंदी कारक है। गेहूँ, चावल, जौ, ज्वार, सरसों, मूँगफली व तिल आदि तेलों के भावों में अस्थिरता रहेगी। नशीले पदार्थ, रसायनिक पदार्थ व शेयरों में तेजी आयेगी। वाहन, मशीनरी तेज होंगे। मेवादि, किराना में तेजी होगी।

अप्रैल

महँगाई से जन-साधारण में असन्तोष, कहीं भयंकर भूकम्प आदि प्राकृतिक आपदा से जनधन की हानि होगी। सू. बु. शु. श. रा. का पंचग्रही योग है। इस योग से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कहीं भयंकर युद्ध की संभावना, कहीं भयंकर बाढ़ की स्थिति बन सकती है। किन्हीं दो देशों में तनाव से अमेरिका आदि देश राजनीतिक लाभ उठायेंगे। तूफान चक्रवात से भयंकर हानि हो सकती है।

तेजी मंदी—शेयर बाजार, सोना, चाँदी, कागज व्यवसाय में आश्चर्यजनक तेजी होगी। लोहे व कलपुर्जों के सामान में तेजी रहेगी। मूँग, मोठ, चना, दालवाना तेज, मूंगफली, सरसो, सोयाबीन व अरण्ड के तेलों में उछाल की तेजी आयेगी। किराना सामान, ताँबा, पीतल, स्टील सामान तेज होंगे।

मई

पक्षांरभ में चार ग्रहों का योग चीन, जापान, रूस, तिब्बत आदि में भूकम्प, प्राकृतिक प्रकोप से धन हानि, दक्षिणी प्रान्तों में वाहन, यान दुर्दघटना होगी। राहु, मंगल का षडाष्टक योग से मुस्लिम राष्ट्रों के प्रमुख शासकों को विकट परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

तेजी मंदी—चन्द्र दर्शन से मूँग, मोठ, गेहूँ, जौ, चावल में तेजी रहकर मंदी आयेगी। मूँगफली, सोयाबीन व वेजीटेबल में तेजी आयेगी। रुई, कपास आदि में मंदी, शेयर बाजार में अस्थिरता होकर गिरावट आयेगी। लोहा, सोना, ताँबा, चाँदी में मंदी का रुख रहेगा। खड़, प्लास्टिक के सामान में तेजी आयेगी। वारदाना, मेवा सामान किसमिस, बादाम, काजू, अखरोट आदि तेज होंगे। ईंधन, पेट्रोल, डीजल, गैस आदि के प्रति शासकीय दल चिन्तित रहेगा।

जून

वाद-विवाद व हंगामों का वातावरण बार-बार होगा। जिससे विकास में रुकावटें आयेंगी। राहु गुरु का नव पंचक योग से एवं शनि मंगल का षडाष्टक योग से यूरोपीय देशों के सामने जटिल समस्यायें आयेंगी। आपसी विराधी विचारधारा के कारण वीटो अधिकार योग करने से विवश होंगे। पाकिस्तान में आतंकवादी भस्मासुर पाक में ही बगावत का कारण बनेगा। राजनीतिक हत्या काण्ड होंगे। सेना शासन में सक्रिय रहेगी। भारत में नयी-नयी योजना बनेगी, जिससे महँगाई में कमी आयेगी।

तेजी मंदी—गेहूँ, जौ, चना, चावल, ज्वार, गुवार, मूँग, मोठ में तेजी रहेगी। चीनी आदि रस पदार्थों में मंदी होगी। लोहा सामान, चाय-काफी, अफीम, तम्बाकू, रेशमी वस्त्र में तेजी आयेगी। चावल, चना, बाजरा, जौ, ज्वार में मंदी होगी। घी सभी तेल तथा गुड़, चीनी, शक्कर आदि रस पदार्थ उत्तरार्ध में तेज होंगे। मसूर, अरहर में तेजी आयेगी। चाँदी, सोना, ताँबा धातु में मामूली गिरावट आयेगी।

जुलाई

चीन, बंगलादेश, पाकिस्तान की गतिविधि पर ध्यान देना होगा। सीमाओं पर अतिक्रमण हो सकता है। मंगल शनि का षडाष्ठक से भीषण दुर्घटना से जन धन की हानि होगी। अमेरिका, केनेडा, ब्रिटेन, स्पेन, इटली आदि देशों में मुद्रा अवमूल्यन के कारण आर्थिक मन्दी का वातावरण रहेगा। सूर्य राहु का षडाष्टक योग से भारत में राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियाँ संघर्ष पूर्ण होंगी।

तेजी मंदी—सरसो, चना, जौ, ज्वार में मंदी रहेगी। गुड़, शक्कर, चीनी, रुई, कपास के वस्त्रों में तेजी होगी। रसायनिक पदार्थ, ताँबा, सोना व चाँदी में तेजी होगी। शेयर बाजार में उछाल की तेजी होगी। गेहूँ, चना, मूँग ,मोठ में मंदी रहेगी। मासान्त में चावल, जौ, ज्वार आदि धान्य भावों में गिरावट आयेगी। चना, सरसों, मूंगफली तथा पीली वस्तु सोना, पीतल धातु में तेजी होगी।

अगस्त

पूर्वी राष्ट्रों में वर्मा, भूटान, चीन, जापान में भूकम्प बार-बार होगा। उत्तरी प्रान्तों के पर्वतीय क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाओं से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहेगा। शनि, मंगल का सम सप्तम योग से अफगानिस्तान, पाकिस्तान, ईराक, ईरान में आर्थिक तंगी एवं राजनैतिक उथल पुथल होगी। अमेरिका सहायता कर सकता है। मंगल राहु का नवम पंचम योग से उत्तर कोरिया के साथ दक्षिण कोरिया में युद्ध की स्थिति बन सकती है। अफ़गानिस्तान में सिया सुन्नी टकराव खतरा बनकर उभरेगा।

तेजी मंदी—चन्द्र दर्शन से सोना, चाँदी, लोहा, ताँबा, गुड़, शक्कर, चीनी, रुई वस्त्र महँगे होंगे। गेहूँ, मूँग, मोठ, चावल, चना में घटाबढ़ी चलेगी। सोयाबीन, मूंगफली व तुरई के तेलों में तेजी होगी। शेयर भावों में घटाबढ़ी होकर मंदी होगी। शनिवारी अमावस्या से उत्तरार्ध में सोना-चाँदी, ताँबा, स्टील और लोहा के सामान में तेजी का संचार होगा।

सितम्बर

केन्द्र स्थल व उत्तर प्रदेश, बिहार के क्षेत्रों में जनता में क्रोध की स्थिति बढ़कर तोड़फोड़, अग्नि काण्ड से हानि होगी। थोड़े समय के लिये चार ग्रहों का योग बनने से चीन, जापान, वियतनाम, रूस, तिब्बत, वर्मा आदि में भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से जन-धन हानि होगी। गुरु राहु का नव पंचम योग से छत्तीसगढ़, जम्बू काश्मीर आदि प्रान्तों में उग्रवादी ग्रुपों द्वारा भारी जन-धन की हानि होगी। बिहार में राजनीति गर्म रहेगी।

तेजी मंदी—शेयर बाजार, केमिकल सामान और प्लास्टिक सामान, रुई, सूत, कपास, वारदाना में तेजी रहेगी। चाँदी, सोना में झटके की तेजी बनेगी। मूंगफली सरसो, अरण्ड के तेलों में तेजी होगी। गेहूँ, जौ, चावल, ज्वार में मंदी रहेगी। कन्या के सूर्य से सोना, चाँदी, मूंग, मोठ, ज्वार, मक्का में मंदी आयेगी।

अक्टूबर

शनि, मंगल का षडाष्टक से अरब, ईरान, ईराक तथा पाकिस्तान राष्ट्रों में शासकों में आपसी मतान्तर बनकर विग्रह बढ़ेगा। संवेदनशील क्षेत्रों में तथा अशान्त सीमा प्रान्तों में सैन्यबल से संघर्ष होगा। कुछ मुस्लिम राष्ट्रों में भयंकर युद्ध की स्थिति बनेगी। जनता स्थानान्तरण के लिये विवश होगी। नीचस्थ शुक्र सूर्य का द्विर्द्वादश योग प्राकृतिक प्रकोप से धन हानि होगी।

तेजी मंदी—गेहूँ, जौ, चावल, चना, मूँग, मोठ, बाजरा के भावों में घटाबढ़ी होगी। गुड़, चीनी, शक्कर में तेजी का वातावरण बनेगा। उत्तरार्ध में सरसो, सोयाबीन, मूंगफली, एरण्ड व वनस्पति घी तथा शेयर बाजार में उछाल आयेगा।

नवम्बर

विपक्षी नेता देश की प्रगति पथ पर बाधक बनेंगे। गोचर स्थिति के अनुसार पाकिस्तान व अन्य मुस्लिम देश पूर्वोत्तर भारत में इस्लामीकरण की मनोवृत्ति को प्रेरित करके उपद्रव करा सकते हैं। असम, त्रिपुरा की तरफ विशेष ध्यान दें। मेघालय, मणिपुर आदि बंगला देशी बहुल प्रदेश पश्चिमोत्तर बिहार के सीमा में वातावरण अशान्त होगा।

तेजी मंदी—चना, सरसो, अलसी, सोयाबीन, सूत, कपास, रुई, बिनौला में मंदी होगी। शेयर बाजार, गुड़, चीनी, शक्कर, घी में घटाबढ़ी होकर मंदी होगी। मशीनरी सामान व रेशमी वस्त्र, ईंधन, तेल, पेट्रोल, घास, चारा में तेजी का रुख रहेगा। मासान्त में सोना, चाँदी, पीतल, ताँबा तेज होंगे।

दिसम्बर

इस मास में पाँच शुक्र एवं शनि मिश्रित फल देंगे। उत्तरी प्रान्तों के पर्वतीय क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदा आ सकती है। पूर्वी राष्ट्र वर्मा भूटान जापान में भूकम्प आ सकता है। जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त होगा। शनि गुरु एवं मंगल गुरु का नवम पंचम योग देश में जटिल समस्याओं को उत्पन्न करेगा। ब्रिटेन, स्कॉटलैण्ड, जापान, रुस आदि में भारी परिवर्तन संभव है। यूरोप में किसी विशिष्ट प्रशासक व्यक्ति विशेष की मृत्यु व हत्या से शोक व्याप्त होगा। मंगल पर शनि की दृष्टि से अग्नि काण्ड से हानि, कहीं विस्फोट व यान दुर्घटना से जन-धन की हानि का समाचार मिलेगा। इस समय फारस की खाड़ी में तनाव बढ़ सकता है।

तेजी मंदी—चन्द्र दर्शन से रसायनिक पदार्थ शेयर बाजार और वाहनादि मशीनरी सामान तेज होंगे। बादाम, काजू, किसमिस, अखरोट, कालीमिर्च आदि किराना में सामान में उछाल आयेगा। चना, सरसो, मूंगफली तथा पीली धातु, सोना-चाँदी, पीतल एवं पीली वस्तु में तेजी आयेगी। उत्तरार्ध में शेयर बाजार में गिरावट आयेगी, गेहूँ, चावल, मूंग, मोठ, गुड, शक्कर में गिरावट होगी।

नं. 1 विन्ध्योत्तर निवासियों के लिए विंशोत्तरी मत से लाभ-खर्च

राशि	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	कं.	तु.	वृश्चि.	ध.	म.	कु.	मी.	योग
लाभ	14	8	14	8	11	14	8	14	11	5	5	11	123
खर्च	11	5	2	14	11	2	5	11	2	5	5	2	75

नं. 2 विन्ध्य से दक्षिण निवासियों के लिए अष्टोत्तरी मत से लाभ-खर्च

राशि	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	कं.	तु.	वृश्चि.	ध.	म.	कु.	मी.	योग
लाभ	2	11	14	8	11	14	11	2	5	8	8	5	९९
खर्च	14	5	2	2	11	2	5	14	5	14	14	5	९३

लाभ-खर्च देखने की विधि—जिस राशि का फल देखना हो उस राशि के कोष्टक का लाभ तथा खर्च अंकों को जोड़कर, उसमें एक घटाकर आठ (8) का भाग देने पर जो शेष बचे उसका फल इस प्रकार है—

यदि 1 शेष बचे तो लाभ, 2 शेष हो तो सौख्य, 3 शेष हो तो क्लेश, 4 शेष हो तो रोग, 5 शेष हो तो लोकापवाद, 6 शेष हो तो सम्मान, 7 शेष हो तो विजय, 8 या 0 शून्य शेष हो तो हानिकारक होगा।

मतान्तर से—दोनों चक्रों का लाभ संख्या जोड़कर लाभ तथा दोनों के व्यय को जोड़कर व्यय समझना चाहिए। यदि लाभ योग अधिक हो तो शुभ तथा व्यय संख्या अधिक हो तो अशुभ समझना चाहिए।

व्रत-पर्व-त्योहार, जयन्ती एवं अवकाश-सन् 2025 ई.

ता.वार विवरण

जनवरी-व्रत त्यौहार

1.बुध-ईसाई नववर्ष आरम्भ, चन्द्रदर्शन।
2.गुरु-मु.म. रज्जब हि.1446।
3.शुक्र-वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रत।
5.रवि-स्कन्द षष्ठी व्रत, अन्नरूपा षठी-बंगाल।
9.गुरु-शाम्ब दशमी-उड़ीसा, सूर्यपूजा-उड़ीसा।
10.शुक्र-पुत्रदा एकादशी व्रत-सबका, वैकुण्ठ एकादशी-द.भा.।
11.शनि-शनि प्रदोष व्रत, कूर्म द्वादशी व्रत, उ.षा. के सूर्य दिन 9:13।
13.सोम-स्नान दान व्रत की पूर्णिमा, लोहड़ी-पंजाब, भोगी (द.भा.)।
14.मंगल-मकर संक्रांति दिन 3:26, खिचड़ी पर्व पुण्यकाल, खरमास समाप्त, पोंगल (द.भा.), बिहु (असम)।
16. गुरु-सौभाग्य सुन्दरी तीज व्रत।
17.शुक्र-संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत चं. उ. रात 8:47।
20.सोम-अभिजित के सूर्य रात 4:0 से।
21.मंगल-कालाष्टमी व्रत।
22.बुध-बुधाष्टमी पर्व, अष्टका श्राद्ध।
24.शुक्र-श्रवण के सूर्य दिन 10:22, अभिजित के सूर्य समाप्त रा.शे. 5:59।
25. शनि-षट्तिला एकादशी व्रत सबका।
26.रवि-तिल द्वादशी।
27.सोम-सोम प्रदोष व्रत, मास शिवरात्रि व्रत, शिव चतुर्दशी व्रत, मेरु त्रयोदशी-जैन।
28.मंगल-रटन्ती कालिका पूजा-बंगाल।
29.बुध-स्नान-दान-श्राद्ध की अमावस्या, मौनी अमावस्या, कुम्भ पर्व स्नान, त्रिवेणी अमावस, मकर वावु-केरल।
30.गुरु-गुप्त नवरात्रारम्भ, चन्द्रदर्शन।
31.शुक्र-मु.म.सावान हि.1446।

जनवरी जयन्ती

2.गुरु-उर्स मोइनुद्दीन चिश्ती (अजमेर)।
4.शनि-लुई ब्रेल जयन्ती।
5.रवि-गुरु गोविन्द सिंह जयंती (नवीन मत)।
6.सोम-गुरु गोविन्द सिंह जयंती (प्रा.मत)।
7.मंगल-राजिम भक्तिन माता जयंती।
10.शुक्र-तैलंग स्वामी जयन्ती (काशी)
12.रवि-स्वामी विवेकानन्द जयन्ती (नवीन मत), राष्ट्रीय युवा दिवस ।
13.सोम-शाकम्भरी प्राकट्योत्सव।
14.मंगल-महाकुंभ प्रयाग मेला आरम्भ, मु. हजरत अली जयंती, गिन्दीमेला-गवाकोट, डाडामंडी-नयाघाटी, माघ मेला-काशी, रुद्रमहादेव मेला (कालीमठ), उत्तारायणी मेला-गंगोली रामेश्वर, बागेश्वर।
15.बुध-थल सेना दिवस।
19.रवि-ओशो महोत्सव।
21.मंगल-स्वामी विवेकानन्द जयंती (प्रा.मत.), श्रीरामानंदाचार्य जयंती, वीर हेमू कालाणी शहीद दिवस।
23.गुरु-सुभाषचन्द्र बोस जयन्ती।
26.रवि-गणतन्त्र दिवस, अन्तर्राष्ट्रीय कस्टम दिवस।
28.मंगल-लाला लाजपतराय जयन्ती, मु.पर्व शबे मिराज।
30.गुरु-गाँधी स्मृति दिवस, शहीद दिवस।

फरवरी-व्रत त्यौहार

1.शनि-वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रत, कुन्द चतुर्थी व्रत, वरद चतुर्थी, तिल चौथ।
3.सोम-वसंत पंचमी, सरस्वती पूजा, श्रीपंचमी, लेखनी पूजा-बंगाल।
4.मंगल-शीतला षष्ठी-बंगाल, अचला सप्तमी व्रत, आरोग्य सप्तमी, रथसप्तमी, सूर्य पूजा।
5.बुध-भीष्माष्टमी पर्व, बुधाष्टमी पर्व।
6.गुरु-महानन्दा नवमी, धनिष्ठा के सूर्य दिन 12:35।
8.शनि-जया एकादशी व्रत-सबका, भैमी एकादशी-बंगाल।
9.रवि-आमलकी द्वादशी, भीष्म द्वादशी, वाराह द्वादशी, तिल द्वादशी।
10.सोम-सोम प्रदोष व्रत।
12.बुध-स्नान दान व्रत की माघी पूर्णिमा, माघ मासीय यम-नियम समापन, कुम्भ संक्रान्ति रात्रि 2:11 ।
16.रवि-संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत चन्द्रोदय रात 9:12।
19.बुध-शतभिषा के सूर्य सायं 4:12।
20.गुरु-कालाष्टमी।
21.शुक्र-सीताष्टमी व्रत, अष्टका श्राद्ध।
24.सोम-विजया एकादशी व्रत-सबका।
25.मंगल-भौम प्रदोष व्रत, वंजुली द्वादशी।
26.बुध-महाशिवरात्रि व्रत, शिव चतुर्दशी व्रत।
27.गुरु-श्राद्ध की अमावस्या।
28.शुक्र-स्नान दान की अमावस्या।

फरवरी जयन्ती

3.सोम-वागीश्वरी देवी प्राकट्योत्सव।
6.गुरु-हरसू ब्रह्मदेव जयंती चैनपुर-बिहार।
9.रवि- गुरु गोरखनाथ जयंती।
10.सोम-मरुस्थल मेला-राजस्थान 3 दिन ।

ता.वार विवरण

11.मंगल-स्वामी करपात्रीजी पुण्य तिथि, पं. दीनदयाल उपाध्याय पुण्य तिथि।
12.बुध-श्रीललिता देवी प्राकट्योत्सव, संत रविदास जयंती, सर्वोदय दिवस।
13.गुरु-मु.पर्व शबेबरात।
21. शुक्र-जानकी प्राकट्योत्सव।
22.शनि-समर्थ गुरु रामदास जयंती।
23.रवि-स्वामी दयानन्द सरस्वती जयंती।
26.बुध-वैद्यनाथ प्राकट्योत्सव, कृत्तिवासेश्वर व काशी विश्वनाथ पूजन दर्शन।
28.शुक्र-राष्ट्रीय विज्ञान दिवस।

मार्च व्रत-त्यौहार

1.शनि-चन्द्रदर्शन, फुलेरा दूज।
2.रवि- मु.म.रमजान हि.1446, रोजा शुरू।
3.सोम-वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रत, संत चतुर्थी-उड़ीसा, मनोरथ चतुर्थी।
4.मंगल-पूर्वा भाद्रपद के सूर्य रा. 9:44।
5.बुध-स्कन्द षष्ठी, गोरूपणी षष्ठी-बंगाल।
6.गुरु-कामदा सप्तमी व्रत।
7.शुक्र-होलाष्टक आरम्भ।
8.शनि-आनन्द नवमी।
9.रवि-फगुदशमी (उड़ीसा)।
10.सोम-आमलकी रंगभरी एकादशी व्रत-सबका, श्रीकाशी विश्वनाथ शृंगार दिवस।
11.मंगल-भौम प्रदोष व्रत, गोविन्द द्वादशी, श्रीनृसिंह द्वादशी।
13.गुरु-व्रत की पूर्णिमा, होलिका दहन रात्रि 10:37, चौमासी चौदस-जैन।
14.शुक्र-स्नान दान की पूर्णिमा, होली काशी में, मीन संक्रान्ति रात 9:24।
15.शनि-होली काशी में अन्यत्र, वसन्तोत्सव, रतिकाम महोत्सव।
17.सोम-संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत चं.उ.रा.8:49, उत्तरा भाद्रपद के सूर्य रा.शे. 5:36।
19.बुध-रंग पंचमी, शुक्रास्त पश्चिम में दिन 1:5।
21.शुक्र-शीतला सप्तमी व्रत।
22.शनि-शीतलाष्टमी व्रत (बसिअउरा), राष्ट्रीय नववर्ष चैत्र शक 1947 आरम्भ।
23.रवि-शुक्रोदय पूर्व में दिन 2:55।
25.मंगल-पापमोचिनी एकादशी व्रत-सबका, वृद्ध अंगारक (बुढ़वा मंगल) पर्व।
27.गुरु-प्रदोष व्रत, मास शिवरात्रि व्रत, शिव चतुर्दशी व्रत, महावारुणी पर्व।
29.शनि-स्नान-दान-श्राद्ध की अमावस्या, चान्द्रवर्ष सं. 2081 समाप्त।
30.रवि-वासंतीय नवरात्र प्रारम्भ, कलश स्थापन, हिन्दू नववर्ष आरम्भ, वि.सं.2082, बैठकी, गुड़ी-पड़वा, उगादि द.भा., चैती चाँद, चन्द्रदर्शन।
31.सोम-सिन्धौरा दूज, रेवती के सूर्य सायं 4:8, मु. सव्वाल हि.1446, ईद।

मार्च जयन्ती

1.शनि-रामकृष्ण परमहंस जयंती।
8.शनि-लट्ठमार होली-बरसाना, महिला दिवस।
9.रवि-लट्ठमार होली-नन्दगाँव।
10.सोम-लट्ठमार होली-जन्मस्थान (मथुरा)।
11.मंगल-मेला-खाटू श्यामदेव-राजस्थान।
13.गुरु-डोलयात्रा।
14.शुक्र-चैतन्य महाप्रभु जयंती, चतुःषष्ठीदेवी दर्शन-पूजन सायं।
15.शनि-होला मेला-पंजाब, उपभोक्ता दिवस।
16.रवि-संत तुकाराम जयंती।
19.बुध-विजय गोविन्द हलंकार जयंती (मणिपुर)।
22.शनि-आदित्यनाथ जयंती-जैन, मु.पर्व शहादते हजरत अली।
28.शुक्र-मु.आखिरी जुमा।
30.रवि-शैलपुत्री देवी दर्शन, सिन्धी नववर्ष दिवस, गौतम ऋषी जयंती, श्रीकुंजबिहारी मेला टिहरी, सुरकण्डा देवी मेला-उ.काशी, झूलेलाल जयंती।
31.सोम-ब्रह्मचारिणी देवी दर्शन, मत्स्यावतार।

अप्रैल व्रत-त्यौहार

1.मंगल-वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रत, श्रीगणेश दमनकोत्सव, सरहुल-बिहार, सौभाग्य सुन्दरी तीज व्रत, गणगौरी व्रत- राजस्थान।
2.बुध-श्रीरामराज्य महोत्सव, श्रीलक्ष्मी पंचमी।
3.गुरु-स्कन्द षष्ठी व्रत, सूर्यषष्ठी व्रत-बिहार।
4.शुक्र-अन्नपूर्णा परिक्रमा प्रारम्भ रात 1:21 से।
5.शनि-महानिशा पूजा, अन्नपूर्णा परिक्रमा रात्रि 12:5 तक, दुर्गाष्टमी, महाष्टमी व्रत, अशोकाष्टमी-बंगाल।
6.रवि-महानवमी व्रत, दुर्गानवमी, श्रीरामनवमी व्रत।
7.सोम- नवरात्र व्रत पारण, जवारे विसर्जन।
8.मंगल-कामदा एकादशी व्रत-सबका।
9.बुध-मदन द्वादशी, वामन द्वादशी।
10.गुरु-प्रदोष व्रत, अनङ्ग त्रयोदशी-जैन ।
12.शनि-स्नान-दान-व्रत की चैत्र पूर्णिमा।
13.रवि-वैशाख-स्नान-दान आरम्भ, अश्विनी-मेष संक्रांति रा.शे.5:29।
14.सोम-मेष-सतुआ संक्रांति पुण्य काल, खरमास समाप्त, बंगला नववर्ष वैशाख सं.1432 आरम्भ, वैशाखी पर्व, चण्डक पूजा।
16.बुध-सं.गणेश चतुर्थी व्रत च.उ.रा. 9:27।

ता.वार विवरण

20.रवि-भानु सप्तमी पर्व।
21.सोम-शीतलाष्टमी व्रत।
24.गुरु-वरूथिनी एकादशी व्रत-सबका।
25.शुक्र-प्रदोष व्रत।
26.शनि-मास शिवरात्रि, शिव चतुर्दशी व्रत।
27.रवि-स्नान दान श्राद्ध की अमावस्या, भरणी के सूर्य रात 9:45।
29. मंगल-चन्द्रदर्शन।
30.बुध-अक्षय तृतीया व्रत, मु.जिल्काद हि.1446।

अप्रैल जयन्ती

1.मंगल-मूर्ख दिवस, चित्रघंटा देवी दर्शन।
2.बुध-कुष्माण्डा देवी दर्शन, स्कन्द माता देवी दर्शन।
3.गुरु-कात्यायनी देवी दर्शन।
4.शुक्र-कालरात्रि देवी दर्शन।
5.शनि-महागौरी देवी दर्शन, मेला-बहुकोर्ट-ज.क., मेला-मनसा देवी-हरिद्वार।
6.रवि-सिद्धिदात्री देवी दर्शन, अयोध्या परिक्रमा, श्रीरामचरित मानस जयंती, स्वामी नारायण जयंती, साईं बाबा उत्सव प्रारम्भ, श्रीराज-राजेश्वरी मेला-तालतोली-गुप्तकाशी।
8.मंगल-विश्व बंजारा दिवस।
10.गुरु-महावीर जयंती-जैन।
12.शनि-हनुमान प्राकट्योत्सव, अग्रोहा मेला, धरती पूजा, खद्दी पर्व-छत्तीसगढ़, मेला-सालासर बालाजी महाराज।
14.सोम-अम्बेडकर जयंती।
17.गुरु-सती अनसूईया जयंती।
18.शुक्र-गुड फ्राइडे, गुरु तेग बहादुर जयंती।
19.शनि-इस्टर सटरडे, गुरु अर्जुनदेव जयंती।
20.रवि-इस्टर सण्डे।
23.बुध-बाबू कुँवर सिंह जयंती-बिहार।
24.गुरु-श्रीवल्लभाचार्य जयंती।
25.शुक्र-विश्व मलेरिया दिवस।
28.सोम-देव दामोदर तिथि-असम, महर्षि पराशर जयंती।
29.मंगल-परशुराम जयंती, छत्रपति शिवाजी जयंती-तिथि मत।
30.बुध-चन्दन यात्रा, चार धाम यात्रा।

मई व्रत-त्यौहार

1.गुरु-वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रत।
3.शनि-स्कन्द षष्ठी व्रत, चन्दन षष्ठी-बंगाल, गंगा सप्तमी, कमला सप्तमी।
4.रवि-भानुसप्तमी पर्व।
6.मंगल-सीता नवमी व्रत।
8.गुरु-मोहिनी एकादशी व्रत-सबका।
9.शुक्र-प्रदोष व्रत, रुक्मिणी द्वादशी, परशुराम द्वादशी।
11.रवि-श्रीनृसिंह चतुर्दशी व्रत, कृत्तिका के सूर्य सायं 4:43।
12.सोम-स्नान-दान-व्रत की वैशाखी पूर्णिमा, बुद्ध पूर्णिमा, गन्धेश्वरी पूजा-बंगाल, वैशाख व्रत-नियम समाप्त।
13.मंगल-ज्येष्ठ-बड़का मंगल।
14.बुध-वृष संक्रांति रात 3:52।
16.शुक्र-संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत चं.उ. रा.10:5।
20.मंगल-श्रीशीतलाष्टमी व्रत, त्रिलोचनाष्टमी-बं., ज्येष्ठ-बड़का मंगल।
23.शुक्र-अचला एकादशी व्रत-सबका, भद्रकाली ग्यारस-पंजाब, जलक्रीड़ा एकादशी-उड़ीसा।
24.शनि-शनि प्रदोष व्रत, वटसावित्री व्रतारम्भ-उ.भा., रोहिणी के सूर्य दिन 2:6।
25.रवि-मास शिवरात्रि व्रत, शिव चतुर्दशी व्रत।
26.सोम-श्राद्ध की अमावस्या, वटसावित्री व्रत-उ.भा., सावित्री अमावस्या-उड़ीसा।
27.मंगल-स्नान-दान की भौमवती अमावस्या, भउका अमावस्या, ज्येष्ठ-बड़का मंगल।
28.बुध-करवीर व्रत, चन्द्रदर्शन।
29.गुरु-रम्भा तीज व्रत, मु.म. जिलहिज हि.1446।
30.शुक्र-वैना.गणेश चतुर्थी व्रत, उमा चतुर्थी-बं.।

मई-जयन्ती

1.गुरु-श्रमिक दिवस, महाराष्ट्र-गुजरात स्थापना दिवस।
2.शुक्र-आद्य शंकराचार्य जयंती, संत सूरदास जयंती।
3.शनि-श्रीरामानुजाचार्य जयंती, प्रेस स्वतंत्रता दिवस।
5.सोम-बगलामुखी देवी प्राकट्योत्सव।
6.मंगल-श्रीजानकीजी प्राकट्योत्सव (वैष्णव मतानुसार)।
7.बुध-रविन्द्रनाथ टैगोर जयंती।
8.गुरु-विश्व रेडक्रास दिवस।
11.रवि-श्रीनृसिंह प्राकट्योत्सव, छिन्नमस्ता देवी प्राकट्योत्सव, मातृ-दिवस (मदर्स-डे)।
12.सोम-बुद्ध जयंती, पुष्करा देवी प्राकट्योत्सव, कूर्म प्राकट्योत्सव, अग्रोहा मेला, अबार माता मेला।
14.बुध-देवर्षि नारद जयंती।
27.मंगल-शनिदेव प्राकट्योत्सव।
29.गुरु-महाराणा प्रताप जयंती।

ता.वार विवरण

30.शुक्र-गुरु अर्जुनदेव शहीद दिवस।
31.शनि-धूम्रपान निषेध दिवस।

जून व्रत-त्यौहार

1.रवि-श्रीस्कन्दषष्ठी व्रत, अरण्य षष्ठी, शीतला षठी-उड़ीसा, जमाई षठी-बंगाल।
3.मंगल-ज्येष्ठ-बड़का मंगल।
5.गुरु-गंगा दशहरा, श्रीरामेश्वर प्रतिष्ठा दिवस।
6.शुक्र-भीमसेनी-निर्जला एकादशी व्रत-स्मार्त।
7.शनि-निर्जला एकादशी व्रत-वैष्णव।
8.रवि-प्रदोष व्रत, वट सावित्री व्रतारम्भ-द.भा. मृगशिरा के सूर्य दि.1:25।
10.मंगल-व्रत की पूर्णिमा, वट सावित्री व्रत-द.भा., ज्येष्ठ-बड़का मंगल।
11.बुध-स्नान-दान की पूर्णिमा, जलयात्रा, गुरु अस्त पश्चिम में सायं 6:54।
14.शनि-सं.गणेश 4 व्रत चन्द्रोदय रात 9:36।
15.रवि-मिथुन सं. दिन 1:39, राजस संक्रान्ति।
19.गुरु-शीतलाष्टमी व्रत, इन्द्राणी पूजा, त्रिलोचन पूजा।
21.शनि-योगिनी एकादशी व्रत-स्मार्त।
22.रवि-योगिनी एकादशी व्रत-वैष्णव, आर्द्रा के सूर्य दिन 2:12।
23.सोम-सोमप्रदोष व्रत, मास शिवरात्रि व्रत, शिव चतुर्दशी व्रत।
25.बुध-स्नान-दान-श्राद्ध की अमावस्या।
26.गुरु-गुप्त नवरात्रारम्भ, मनोरथ द्वितीया-बंगाल, चन्द्रदर्शन।
27.शुक्र-रथयात्रा, मु.नववर्ष मुहर्रम हि.1447 शुरू।
29-रवि-वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रत।

जून जयन्ती

1.रवि-बाल सुरक्षा दिवस।
3.मंगल-धूमावती देवी प्राकट्योत्सव, मेला क्षीर भवानी-क.।
5.गुरु-श्रीबटुकभैरव प्राकट्योत्सव, विश्व पर्यावरण दिवस।
6.शुक्र-रुक्मिणी विवाह-उड़ीसा, गायत्री माता प्राकट्योत्सव, मेला-खाटू श्यामजी-राजस्थान, काशी विश्वेश्वर कलश यात्रा।
7.शनि-मु. बकरीद (ईद-उल-अजहा)।
11.बुध-संत कबीरदास जयंती।
12.गुरु- गुरु हरगोविन्द सिंह जयंती।
14.शनि-रक्तदान दिवस।
15-रवि-पिता दिवस।
21.शनि-देवराहा बाबा पुण्य तिथि, अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस।
22.रवि-अम्बुवाची पर्व-श्रीकामाख्या देवी महोत्सव 3 दिनात्मक प्रारम्भ-असम।
26.गुरु-नशा निरोधक दिवस।
27.शुक्र-श्रीराम-बलराम रथोत्सव, मधुमेह दिवस (डायबीटिज-डे)।

जुलाई व्रत-त्यौहार

1.मंगल-स्कन्द-षष्ठी व्रत, कुमार षष्ठी व्रत।
3.गुरु-परशुरामाष्टमी-उड़ीसा, खर्ची पूजा-त्रिपुरा।
4.शुक्र-गुप्त नवरात्र समाप्त।
5.शनि-गिरिजा पूजा, पुनर्यात्रा-उल्टा रथ।
6.रवि-हरिशयनी एकादशी व्रत-सबका, रवि नारायण एकादशी-उड़ीसा, पुनर्वसु के सूर्य दि.3:47।
7.सोम- वामन द्वादशी, श्रीकृष्ण द्वादशी, चातुर्मास आरम्भ, गुरु उदय पूर्व में दिन 3:3।
8.मंगल-भौम प्रदोष व्रत।
9.बुध-चौमासी चौदस-जैन।
10.गुरु-स्नान-दान व्रत की पूर्णिमा, आषाढ़ी पूर्णिमा, गुरु पूर्णिमा, व्यास पूजा।
11.शुक्र-पार्थिव पूजन व काशी विश्वनाथ दर्शन पूजन आरम्भ, मैथिल नववर्ष आरम्भ।
12.शनि-अशून्य शयन व्रत।
14.सोम-संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत चं.उ.रा. 9:29, श्रावण सोमवार व्रत।
15.मंगल-नागपंचमी-बंगाल, भौम व्रत, मंगलागौरी व्रत, दुर्गा यात्रा, हनुमान दर्शन।
16.बुध-कर्क संक्रांति रा.शे.4:55।
17.गुरु-शीतला सप्तमी-उड़ीसा।
18.शुक्र-शीतलाष्टमी व्रत।
20.रवि-पुष्य के सूर्य सायं 5:13।
21.सोम-कामदा एकादशी व्रत-सबका, श्रावण सोमवार व्रत।
22.मंगल-भौम प्रदोष व्रत, भौम व्रत, मंगलागौरी व्रत, दुर्गा यात्रा, हनुमान दर्शन।
23.बुध-मास शिवरात्रि व्रत, शिवचतुर्दशी व्रत।
24.गुरु-स्नान-दान श्राद्ध की अमावस्या, हरियाली अमावस।
26.शनि-चन्द्रदर्शन।
27.रवि-हरियाली तीज व्रत, मधुश्रवा तीज व्रत, स्वर्ण गौरी व्रत, मु.सफर हिजरी 1447।
28.सोम-वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रत, दुर्वा-गणपति व्रत, श्रावण सोमवार व्रत।
29.मंगल-नाग पंचमी, तक्षक पूजा, भौम व्रत, मंगलागौरी व्रत, दुर्गा यात्रा, हनुमान दर्शन।
30.बुध-लुण्ठन षष्ठी-बंगाल।

ता.वार विवरण

जुलाई जयन्ती

1.मंगल-डॉक्टर्स-डे।
4.शुक्र-मेला शरीक भगवती-कश्मीर।
6.रवि-मुहर्रम (ताजिया)।
8.मंगल-मेला ज्वालामुखी देवी कश्मीर।
10.गुरु-श्री साईं बाबा उत्सव-शिरडी, ओशो पूर्णिमा।
11.शुक्र-विश्व जनसंख्या दिवस।
23.बुध-बाल गंगाधर जयंती।
26.शनि-धर्मसम्राट् स्वामी करपात्रीजी जयंती।
27.रवि-ठकुराईन जयंती।
30.बुध-कल्कि अवतार।
31.गुरु-गो.तुलसीदास जयंती, मुन्शी प्रेमचन्द जयंती।

अगस्त व्रत-त्यौहार

3.रवि-श्लेषा के सूर्य सायं 5:34।
4.सोम-श्रावण सोमवार व्रत।
5.मंगल-पुत्रदा एकादशी व्रत-सबका, भौम व्रत, मंगलागौरी व्रत, दुर्गा यात्रा, हनुमान दर्शन।
6.बुध-प्रदोष व्रत, दामोदर द्वादशी।
7.गुरु-आखेटक त्रयोदशी-उड़ीसा।
8.शुक्र-व्रत की पूर्णिमा, नारोली पूर्णिमा।
9.शनि-स्नान-दान की पूर्णिमा, रक्षाबंधन, श्रावणी उपाकर्म।
10.रवि-अशून्य शयन व्रत।
11.सोम-रतजग्गा, कजलियाँ-मध्य प्रदेश।
12.मंगल-संकष्टी बहुला गणेश चतुर्थी व्रत चं.उ.रा. 8:36, कजली तीज व्रत, सतुआ तीज, तिजड़ी-सिन्धी।
13.बुध-रक्षा पंचमी-उड़ीसा, कोकिला पंचमी, भातृभगिनी पंचमी।
14.गुरु-हलषष्ठी-ललही छठ व्रत, श्रीचन्द षष्ठी।
15.शुक्र-शीतला सप्तमी पूजा।
16.शनि-श्रीकृष्णजन्माष्टमी व्रत-सबका, गोकुलाष्टमी (नन्दोत्सव)।
17.रवि-श्रीकृष्णजन्माष्टमी व्रत (रोहिणी मत), मनसा पूजा समापन-बं., गुग्गा नवमी, मघा-सिंह संक्रांति सा.4:22।
19.मंगल-जया एकादशी व्रत-सबका।
20.बुध-प्रदोष व्रत।
21.गुरु-मास शिवरात्रि व्रत, शिवचतुर्दशी व्रत, अघोर चतुर्दशी।
22.शुक्र-श्राद्ध की अमावस्या, पिठौरी अमावस।
23.शनि-स्नान-दान की अमावस्या, कुशोत्पाटिनी अमावस्या।
24.रवि-चन्द्रदर्शन।
25.सोम-मु.रविउल अव्वल हि.1447।
26.मंगल-हरितालिका तीज व्रत, ढेला चौथ-चन्द्रदर्शन निषेध (चन्द्रास्त रात 8:6)।
27.बुध-वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रत, गणेशोत्सव प्रारंभ।
28.गुरु-ऋषि पंचमी व्रत, अरुन्धती सहित सप्तऋषि पूजन, रक्षा पंचमी-बंगाल।
29.शुक्र-सूर्य षष्ठी व्रत, लोलार्क कुण्ड स्नान पर्व, भदैनी-वाराणसी।
30.शनि-मुक्ताभरण संतान सप्तमी व्रत, अपराजिता सप्तमी।
31.रवि-महालक्ष्मी व्रतारम्भ च.उ.रा.10:21, सोरहिया मेला-16 दिन प्रारम्भ। महारविवार व्रत, राधाष्टमी व्रत, दुर्गाष्टमी व्रत, पू.फा. के सूर्य दिन 1:2।

अगस्त जयन्ती

1.शुक्र-मेला-नैनादेवी-चिन्तापूर्णी देवी-हि.प्र., लोकमान्य तिलक पुण्य तिथि।
3.रवि-मैथिलीशरण गुप्त जयंती।
4.सोम-झूलन यात्रा आरम्भ।
8.शुक्र-हयग्रीव प्राकट्योत्सव, झूलन यात्रा समाप्त।
9.शनि-युवक दिवस, संस्कृत दिवस, अमरनाथ यात्रा।
11.सोम-विध्यांचल-भीमचण्डी देवी प्राकट्योत्सव, विशालाक्षी देवी यात्रा।
14.गुरु-मु.पर्व चेहल्लुम, माधवदेव तिथि-असम।
15.शुक्र-स्वतन्त्रता दिवस।
19.मंगल- विश्व छायाकंन दिवस।
20.बुध-सद्भावना दिवस, विश्व मच्छर दिवस, मु.पर्व आखिरी चहार शम्बा।
23.शनि-मु.शहादते इमाम हसन।
25.सोम-वाराह प्राकट्योत्सव, शंकर देव तिथि-असम।
28.गुरु-मेला पाट प्रातः 3 दिन।
30.शनि-भारतेन्दु जयन्ती।

सितम्बर व्रत-त्यौहार

1.सोम-महानन्दा नवमी।
2.मंगल-दशावतार व्रत।
3.बुध-पद्मा-कर्मा एकादशी व्रत-सबका, डोल ग्यारस, जलझूलनी एकादशी-राजस्थान।
4.गुरु-वामन द्वादशी व्रत, श्रवण द्वादशी।
5.शुक्र-प्रदोष व्रत।

शेष अक्टूबर के पृष्ठ पर

बारह राशियों का वार्षिक राशिफल–सन् 2025 ई.

मेष–चु चे चो ला ली लू ले लो अ

मेष राशि वालों का यह वर्ष संघर्षपूर्ण रहेगा। शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव रहेगा। स्वास्थ्य सम्बन्धी चिन्तायें परेशान करेंगी। घरेलू समस्याओं को लेकर मानसिक तनाव बढ़ेगा। आर्थिक मामले में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। पूंजी निवेश न करें। वाहन चलाने में सावधानी बरतें। व्यापार के क्षेत्र में अत्यधिक परिश्रम से लाभ होगा। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। दाम्पत्य-जीवन में मतभेद की स्थिति बनी रहेगी। सरकारी कर्मचारियों को व्यस्तता रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य को लेकर चिन्तित रहेंगे। सन्तान से मन मुटाव बना रहेगा। अनावश्यक दौड़-धूप होगी। भाग्य साथ तो देगा, परन्तु लाभ कम मिलेगा। विद्यार्थियों को मेहनत ज्यादा सफलता कम मिलेगी।

वृष–इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

वृष राशि वालों को यह वर्ष उतार-चढ़ाव का रहेगा। स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी होने की सम्भावना है। मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अधिक सचेत रहें। आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगा, संचित धन में वृद्धि होगी। वाहन खरीदने का योग बनेगा। पैतृक-सम्पत्ति के सम्बन्ध में पारिवारिक विवाद हो सकता है। व्यापार के माध्यम से आजीविका क्षेत्र में लोगों की स्थिति में सुधार होगा। भाग्य उत्तम साथ देगा। कारोबार में अच्छी सफलता मिलेगी। आपसी तालमेल न होने के कारण दाम्पत्य-जीवन में नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। माता-पिता का स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। घर में कोई मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकता है।

मिथुन–का की कू घ ङ छ के को हा

मिथुन राशि वालों के लिए यह वर्ष उन्नति कारक है। समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। धन का आवागमन बना रहेगा। अनावश्यक खर्च से परेशानी बढ़ेगी। भूमि, मकान, वाहन इत्यादि के क्रय-विक्रय का योग है। सन्तान की उन्नति से सुख प्राप्त होगा। शत्रुवर्ग हावी हो सकते हैं। वैवाहिक-जीवन में सुख-शान्ति बनी रहेगी। कारोबार व व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा वाले व्यक्तियों को भरपूर लाभ मिलेगा। विद्यार्थीगणों की मेहनत का फल उत्तम मिलेगा। आय के नये स्रोत बनेंगे। गलतफहमियों के कारण राजनेताओं को नुकसान उठाना पड़ेगा।

कर्क–ही हू हे हो डा डी डू डे डो

कर्क राशि वालों को यह वर्ष सकारात्मक व उन्नतिदायक होगा। स्वास्थ्य में कफ-वात-पित्त सम्बन्धी कष्ट हो सकता है। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। नवीन सम्पत्ति खरीदने का योग सफल होगा। व्यवसाय से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ मिलेगा। नौकरीपेशा वालों को अपने वरिष्ठ अधिकारियों से तालमेल बनाकर रखें। सन्तान के विषय में सुख समाचार प्राप्त होगा। माता के लिये यह वर्ष कष्टकारी रहेगा। वैवाहिक-जीवन पति-पत्नी के सहयोग से खुशहाल रहेगा। परिवार के लोगों के साथ तालमेल बनाकर रखें, मनमुटाव की स्थिति बन सकती है।

सिंह–मा मी मू मे मो टा टी टू टे

सिंह राशि वालों को मई माह के बाद शनि की ढैया चलेगी। स्वास्थ्य सम्बन्धी छोटी-छोटी समस्यायें उत्पन्न होंगी। सम्पत्ति सम्बन्धी वाद-विवाद हो सकता है। जल्दबाजी में लिया गया निर्णय हानिकारक होगा। वाहन चलाने में सावधानी बरतें। इष्ट-मित्रों का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक कष्ट व अनावश्यक भाग दौड़ हो सकती है। आयात-निर्यात के क्षेत्र में आपको नुकसान के साथ पैसा भी फँस सकता है। सरकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों को संघर्ष का सामना करना पड़ेगा। वैवाहिक जीवन में पति-पत्नी के मध्य पारिवारिक मामलों को लेकर परेशानियाँ बढ़ेंगी। सन्तान से सुख कम मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी।

कन्या–टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

कन्या राशि वालों को यह वर्ष अत्यधिक लाभदायक रहेगा, महत्वपूर्ण कार्यों में सावधानी बनाये रखें। हड्डी, पेट व आँखों से सम्बन्धित बीमारियों के प्रति सतर्क रहें। व्यापार-कारोबार में अच्छी सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में धन-बचत पर ध्यान दें अनावश्यक खर्च बढ़ सकता है। भू-सम्पत्ति खरीदने का योग बन रहा है। व्यवसाय के क्षेत्र में अत्यधिक परिश्रम करने के बावजूद उस अनुपात में सफलता प्राप्त नहीं होगी। सहयोगीजनों व पार्टनर के मध्य मतभेद होगा। माता-पिता से सहयोग सुख प्राप्त होगा। सन्तान की उन्नति के योग बनेंगे।

तुला–रा री रू रे रो ता ती तू ते

तुला राशि वालों को यह वर्ष सामान्य रहेगा। स्वास्थ्य सम्बन्धी बीमारी कष्ट देगी। व्यापारियों को कारोबार में मंदी का सामना करना पड़ेगा। सरकारी कर्मचारियों की व्यस्तता बढ़ेगी। इष्ट-मित्रों के सहयोग से कार्य क्षेत्र में मुश्किलें कम होंगी। अचानक धन लाभ तथा धन खर्च होने की सम्भावना है। वाहन-मकान आदि सम्पत्ति खरीदने की योजना बनेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सन्तान के कारण कष्ट होगा। घरेलू उलझनों को लेकर पति-पत्नी के बीच मतभेद हो सकता है। व्यर्थ के वाद-विवाद में समय व्यतीत न करें। सर्राफा कारोबारियों को मंदी का सामना करना पड़ेगा। सरकारी कर्मचारियों का स्थानान्तरण हो सकता है। प्रेम-प्रसंग में एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें।

वृश्चिक–तो ना नी नू ने नो या यी यू

वृश्चिक राशि वालों को यह वर्ष अधिकांश रूप से सकारात्मक रहेगा। पहले से रुके हुये कार्य सफल होंगे। शत्रु पक्ष आपके विरुद्ध कोई न कोई षडयन्त्र रचेंगे। स्वास्थ्य-सम्बन्धी चिन्ताएँ बनी रहेंगी। गला, कान से सम्बन्धित रोग कष्ट देगा। इष्ट-मित्रों के सहयोग से सम्पत्ति के क्रय-विक्रय में लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्रों में किये गये प्रयासों से सफलता प्राप्त होगी। कारोबार एवं कृषि कार्य से जुड़े हुए लोगों को यह वर्ष अच्छा रहेगा। नौकरी पेशा वालों की उन्नति के साथ-साथ पदोन्नति भी होगी। घरेलू-समस्याओं का समाधान होगा। पति-पत्नी के बीच सुख सौहार्द्र में वृद्धि होगी। प्रेम-संबन्ध में एक दूसरे के बीच सामजस्य बनाये रखें। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में कम लगेगा।

धनु–ये यो भा भी भू ध फ ढ भे

धनु राशि वालों को मई से शनि की ढैया प्रारम्भ होगी। वर्ष में शनि के आगे पीछे होने से उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। बने-बनाये कार्यों में व्यवधान आयेगा। स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी बढ़ सकती है। सम्पत्ति क्रय-विक्रय सम्बन्धी कार्यों में सावधानी बरतें नुकसान हो सकता है। जल्दबाजी में कोई बड़ा निर्णय न लें। अनावश्यक खर्च बढ़ने से मानसिक तनाव रहेगा। व्यापारिक क्षेत्र में जुड़े लोगों को उतार चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें, अन्यथा नुकसान उठाना पड़ेगा। वाहन चलाने में सावधानी बरतें। यात्रा में चोरी, छिनैती से सावधान रहें। सन्तान सुख प्राप्त होगा। माता-पिता का स्वास्थ्य सुधरेगा। पति-पत्नी के बीच सामंजस्य की कमी रहेगी।

मकर–भो जा जी खी खू खे खो गा गी

मकर राशि वालों के लिए यह वर्ष उतार-चढ़ाव का रहेगा। शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव जनवरी २०२६ तक रहेगा। स्वास्थ्य खराब होगा, जिससे मानसिक तनाव भरपूर रहेगा। आर्थिक लेन-देन में सावधानी बरतें। पैसा फँस सकता है। कार्य क्षेत्र में विघ्न बाधाएँ आयेंगी। व्यवसाय-क्षेत्र में कार्यरत लोगों के नवीन व्यवसाय में उदासीनता बढ़ेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य पर पैसा अधिक खर्च होगा। सन्तान सम्बन्धी परेशानी का समाधान निकलेगा, जीवन-साथी के साथ पर्यटन स्थल की यात्रा के योग बनेंगे। समाज में अपमानित हो सकते हैं। गलत संसर्ग सुख से दूर रहें। वरना कष्ट हो सकता है।

कुम्भ–गू गे गो सा सी सू से सो दा

कुम्भ राशि वालों को शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव बना रहेगा। मगर शनि की स्वयं राशि होने से ज्यादा प्रभावशाली नहीं होगा। यह वर्ष विशेष फलदायक बना रहेगा। स्वास्थ्य के सम्बन्ध में चिन्ता बढ़ सकती है। मानसिक तनाव से बचें। मतभेद एवं वाद-विवाद की स्थिति से बचें। किसी अनजानी अनचाही स्थिति से बचें। जमा पूँजी का सही तरह से उपयोग करें। किसी के बहकावे में न आयें। आजीविका के क्षेत्र में आपको मंदी का सामना करना पड़ेगा। नौकरी पेशा वाले अधिकारियों से तालमेल बनाकर रखें। पति-पत्नी के बीच आपसी वाद-विवाद हो सकता है।

मीन–दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

मीन राशि वालों को इस वर्ष शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव उग्र रहेगा। बने बनाये कार्य बिगड़ेंगे। जिससे मानसिक तनाव बढ़ेगा। अनावश्यक व्यय होगा। कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगेंगे। बन्धु-बान्धवों से विवाद होगा। नित्य नये शत्रु बनेंगे। व्यर्थ के विवाद में समय बर्बाद न करें। स्वास्थ्य सम्बन्धी कष्ट रहेगा। आर्थिक क्षेत्र में किये गये प्रयास में सफलता कम मिलेगी। कर्ज के लेन देन में सावधानी बरतें। वाहन-मकान क्रय-विक्रय या निर्माण का योग बनेगा। आर्थिक कठिनाईयाँ बनी रहेंगी। जीवन यापन में कठिन परिश्रम करना पड़ेगा। नौकरी पेशा वालों का स्थानान्तरण होगा। दाम्पत्य-जीवन में परस्पर तालमेल बना रहेगा। सन्तान की उदण्डता आपको परेशान कर सकती है।

शनि की साढ़ेसाती तथा ढैय्या

इस वर्ष शनि देव दो राशि में भ्रमण करेंगे। 4 मई 2025 को मीन राशि में प्रवेश करेंगे। 14 जुलाई को वक्री होकर 17 सितम्बर से कुम्भ राशि में होंगे। 18 नवम्बर को मार्गी होकर 23 जनवरी 2026 को पुनः मीन राशि में प्रवेश करेंगे। कुम्भ मीन मेष राशि वालों को शनि की साढ़ेसाती रहेगी सिंह एवं धनु राशि वालो को शनि की ढैया चलेगी।

मेष राशि के शिर पर, मीन राशि के हृदय पर, कुम्भ राशि के पैर पर शनि का प्रभाव रहेगा। गोचर वश मेष से 12 वृष से 11 मिथुन से 10 कर्क से 9 सिंह से 8 कन्या से 7 तुला से 6 वृश्चिक से 5 धनु से 4 मकर से 3 कुम्भ से 2 मीन से पहले स्थान में भ्रमण करेंगे।

शनि शांति के लिए उपाय

शनि के साढ़ेसाती व ढैया वालों को शान्ति के लिये शनि का जप, दान करना तथा शनिस्तोत्र का पाठ करना चाहिए। हनुमानजी की आराधना दर्शन-पूजन, शनिवार को पीपल के मूल (जड़) में प्रातः काला तिल सहित जल देना चाहिए तथा सायं प्रदोष काल में दीपदान करना चाहिए। बन्दर को गुड़ चना देना चाहिए।

शनिवार को सुन्दरकाण्ड का पाठ तथा काले घोड़े के नाल या नाव के कांटे की अँगूठी मध्यमा अंगुली में धारण करें। काला तिल, अंजन, लोहा, सौंफ, धान का लावा को जल में डालकर स्नान करने से शनिदोष शांत होता है।

सितम्बर का शेषांश व्रत-त्योहार

ता. वार विवरण

6.शनि-अनन्त चतुर्दशी व्रत, गणपति विसर्जन।
7.रवि-स्नान-दान-व्रत की पूर्णिमा, उमा महेश्वर व्रत, लोकपाल पूजा, नान्दी मातामह श्राद्ध, खग्रास-चन्द्रग्रहण।
8.सोम-फसली नववर्षारम्भ असौज सन् 1433 प्रारम्भ, महालया-पितृपक्ष आरम्भ, प्रतिपदा श्राद्ध।
9.मंगल-अशून्यशयन व्रत, द्वितीया श्राद्ध।
10.बुध-संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत चन्द्रोदय रात 7:47, तृतीया श्राद्ध।
11.गुरु-चतुर्थी श्राद्ध।
12.शुक्र-भरणी श्राद्ध, पंचमी श्राद्ध, चन्द्र षष्ठी व्रत, षष्ठी श्राद्ध।
13.शनि-सप्तमी श्राद्ध।
14.रवि-जीवित्पुत्रिका-जीउतिया व्रत, महालक्ष्मी व्रत चं.उ.रा.11:4 अष्टमी श्राद्ध, अष्टका श्राद्ध, उ.फा. के सूर्य प्रा.7:13।
15.सोम-मातृनवमी, मातामह श्राद्ध, नवमी श्राद्ध, जीउतिया व्रत पारण।
16.मंगल-दशमी श्राद्ध।
17.बुध-इन्दिरा एकादशी व्रत-सबका, एकादशी श्राद्ध, विश्वकर्मा पूजा, कन्या संक्रांति सायं 5:19।
18.गुरु-यती-संन्यासी श्राद्ध, द्वादशी श्राद्ध।
19.शुक्र-प्रदोष व्रत, मास शिवरात्रि व्रत, शिव चतुर्दशी व्रत, मघा श्राद्ध, त्रयोदशी श्राद्ध।
20.शनि-चतुर्दशी श्राद्ध, शस्त्रादि से मृतक का श्राद्ध।
21.रवि-स्नान-दान-श्राद्ध की अमावस्या, पितृ-विसर्जन, महालया समाप्त।
22.सोम-शारदीय नवरात्र आरम्भ, कलश स्थापन, दौहित्र द्वारा मातामह श्राद्ध।
23.मंगल-चन्द्रदर्शन।
24.बुध-मु.म. रवि उस्सानी हि.1447।
25.गुरु-वैना.गणेश चतुर्थी व्रत, मान चतुर्थी।
26.शुक्र-उपांग ललिता व्रत।
27.शनि-हस्त के सूर्य रात 10:36।
28.रवि-विल्व आमन्त्रण।
29.सोम-महानिशा पूजा, सरस्वती आवाहन, अन्नपूर्णा परिक्रमा दि.12:25 से।
30.मंगल-महाष्टमी, दुर्गाष्टमी व्रत, सरस्वती पूजा, अन्नपूर्णा परिक्रमा दिन 1:44 तक।

ता. वार विवरण

सितम्बर जयन्ती

1.सोम-श्री चन्द्र जयन्ती।
4.गुरु-श्रीवामन प्राकट्योत्सव।
5.शुक्र-शिक्षक दिवस, डॉ.राधाकृष्णन् जयन्ती, मदर टेरेसा पुण्य तिथि, मु.पर्व बारावफात।
8.सोम-विश्व साक्षरता दिवस।
10.बुध-मु.पर्व ईदे मिलाद।
11.गुरु-सन्त विनोवा भावे जयंती।
14.रवि-हिन्दी दिवस।
15.सोम-इन्जीनियर्स-डे।
17.बुध-विश्वकर्माजी प्राकट्योत्सव।
22.सोम-श्रीशैलपुत्री देवी दर्शन, महाराज अग्रसेन जयंती।
23.मंगल-श्रीब्रह्मचारिणी देवी दर्शन।
24.बुध-श्रीचित्रघण्टा देवी दर्शन।
25.गुरु-श्रीकूष्माण्डा (दुर्गा) देवी दर्शन।
27.शनि-श्रीस्कन्दमाता देवी दर्शन।
28.रवि-श्रीकात्यायनी देवी दर्शन।
29.सोम-श्रीकालरात्रि देवी दर्शन, विश्व हृदय दिवस।
30.मंगल-श्रीमहागौरी देवी दर्शन, बैंक अर्धवार्षिक लेखा बन्दी।

अक्टूबर व्रत-त्यौहार

1.बुध-नवरात्र हवन, कन्या पूजन, विजया-दशमी, अपराजिता पूजन, सीमोल्लंघन, शमीपूजन, शस्त्रपूजा।
2.गुरु-विजयादशमी, दुर्गा मूर्ति विसर्जन, नवरात्र व्रत पारण।
3.शुक्र-पापांकुशा एकादशी व्रत-सबका।
4.शनि-शनि प्रदोष व्रत, पद्मनाभ द्वादशी व्रत।
6.सोम-व्रत की पूर्णिमा, कोजागरी व्रत, शरद् पूर्णिमा।
7.मंगल-स्नान-दान की पूर्णिमा।
8.बुध-कार्तिक मास का यम-नियम-व्रतारंभ, अशून्यशयन व्रत।
10.शुक्र-संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत, करवा चौथ व्रत चं.उ. रात 7:58 पर, ललिता चतुर्थी, दशरथ चतुर्थी-बंगाल।
11.शनि-चित्रा के सूर्य दिन 11:8।
13.सोम-अहोई अष्टमी व्रत चन्द्रोदय रात 11:5।
14.मंगल- राधाष्टमी व्रत, राधा कुण्ड स्नान पर्व, कराष्टमी-महाराष्ट्र।
17.शुक्र-रम्भा एकादशी व्रत-सबका, गोवत्स द्वादशी, तुला संक्रांति रात 4:15।
18.शनि-शनि प्रदोष व्रत, धनतेरस।

ता. वार विवरण

19.रवि-नरक चतुर्दशी, मास शिवरात्रि व्रत, शिव चतुर्दशी व्रत, हनुमज्जन्म सायं।
20-.सोम-दीपावली, गणेश-लक्ष्मी-महाकाली पूजा, प्रातः हनुमद् दर्शन।
21.मंगल-स्नान-दान-श्राद्ध की भौमवती अमावस्या।
22.बुध-अन्नकूट, गोवर्धन पूजा काशी से अन्यत्र, बलिपूजा, नेपाली नववर्ष संवत् 1146 आरम्भ।
23.गुरु- गोवर्धन पूजा काशी में, भैयादूज, यम द्वितीया, चित्रगुप्त पूजा, दावात पूजा, चन्द्रदर्शन।
24.शुक्र-मु.म.जमादि उल अव्वल हि.1447, स्वाती के सूर्य रात 7:46 ।
25.शनि-वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रत, सूर्यषष्ठी (डाला छठ) व्रत 3 दिन प्रारम्भ।
26.रवि-ज्ञान पंचमी जैन।
27.सोम-सूर्यषष्ठी (डालाछठ) व्रत सायं अर्घ्य।
28.मंगल-डाला छठ प्रातः अर्घ्य, व्रत का पारण।
29.बुध-गोपाष्टमी, गो पूजन, बुधाष्टमी।
30.गुरु-अक्षय नवमी, कूष्माण्ड नवमी, आँवला नवमी, दुर्गा नवमी, जगद्धात्री पूजा-बंगाल।

अक्टूबर जयन्ती

1.बुध-श्री सिद्धिदात्री देवी दर्शन, बौद्धावतार।
2.गुरु-गाँधी-शास्त्री जयंती, अहिंसा दिवस, साईं बाबा पुण्यतिथि, माधवाचार्य जयंती।
3.शुक्र-भरतमिलाप-नाटी इमली, वाराणसी।
4.शनि-मु.पर्व ग्यारहवीं शरीफ।
7.मंगल-महर्षि वाल्मीकि जयंती, मीराबाई जयंती।
8.बुध-वायु सेना दिवस।
9.गुरु-विश्व दृष्टि दिवस, उर्स हजरत निजामुद्दीन औलिया-दिल्ली।
10.शुक्र-नक्कटैया चेतगंज, वाराणसी, राष्ट्रीय डाक दिवस, चरखा जयन्ती।
14.मंगल-श्री राधा प्राकट्योत्सव।
19.रवि-धन्वन्तरी प्राकट्योत्सव, श्रीकामेश्वरी देवी प्राकट्योत्सव, श्रीहनुमान प्राकट्योत्सव, मु.शबे मिराज।
21.मंगल-महावीर निर्वाण दिवस, पुलिस स्मृति दिवस।
24.शुक्र-विश्वामित्र जयंती।
30.गुरु-अयोध्या-मथुरा परिक्रमा।
31.शुक्र-सरदार वल्लभ भाई पटेल जयन्ती, एकता दिवस।

नवम्बर व्रत त्यौहार

1.शनि-हरिप्रबोधिनी एकादशी व्रत-सबका, भीष्म पंचक प्रारम्भ।

ता. वार विवरण

2.रवि-तुलसी विवाह, चातुर्मास व्रत समाप्त।
3.सोम-सोमप्रदोष व्रत, वैकुण्ठ चतुर्दशी व्रत।
4.मंगल-श्रीकाशी विश्वनाथ प्रतिष्ठा दिवस, चौमासी चौदस-जैन।
5.बुध-स्नान-दान की पूर्णिमा, कार्तिक पूर्णिमा, रास पूर्णिमा, त्रिपुरोत्सव, देव दीपावली, श्रीकार्तिकेय दर्शन, भीष्मपंचक समाप्त।
6.गुरु-विशाखा के सूर्य रात 3:55।
8.शनि-संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत चन्द्रोदय रात 7:45।
10.सोम-श्रीअन्नपूर्णा देवी व्रतारम्भ 16 दिनात्मक, श्रीरामेश्वर महादेव दर्शन-पूजन।
12.बुध-भैरव अष्टमी व्रत, अष्टभैरव दर्शन, कालाष्टमी।
15.शनि-उत्पन्ना एकादशी व्रत।
16.रवि-वृश्चिक संक्रांति रात 1:47।
17.सोम-सोम प्रदोष व्रत।
18.मंगल-मास शिवरात्रि व्रत, शिव चतुर्दशी व्रत।
19.बुध-श्राद्ध की अमावस्या।
20.गुरु-स्नान-दान की अमावस्या, रुद्र व्रत पीड़िया (प्रदोष काल), अनुराधा के सूर्य दिन 8:50।
21.शुक्र-चन्द्रदर्शन।
22.शनि-मु.म. जमादि उस्सानी हि.1447।
24-सोम-वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रत।
25.मंगल-द्वितीय नागपंचमी, श्रीपंचमी, श्रीराम विवाहोत्सव।
26.बुध-स्कन्द षष्ठी व्रत, चम्पा षष्ठी-महाराष्ट्र, मूलकरूपिणी षष्ठी व्रत, गुहषष्ठी।
27.गुरु-मित्र (सूर्य) सप्तमी व्रत।
29.शनि-महानन्दा नवमी, कल्पादि नवमी।

नवम्बर जयन्ती

2. रवि-कालीदास जयन्ती।
5.बुध-गुरुनानक जयंती, पुष्कर मेला-अजमेर, हरिहर क्षेत्र मेला-सोनपुर, गढ़ मुक्तेश्वर-पुष्कर मेला, महावीर-रथोत्सव जैन, भृगु आश्रम मेला ददरी-बलिया।
10.सोम-लोटा भंटा मेला-रामेश्वर-वाराणसी।
12.बुध-कालभैरव प्राकट्योत्सव।
14.शुक्र-बाल दिवस, पण्डित जवाहर लाल नेहरू जयन्ती।
24.सोम-गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस।

दिसम्बर व्रत त्यौहार

1.सोम-मोक्षदा एकादशी व्रत-सबका, मौनी एकादशी-जैन।

ता. वार विवरण

2.मंगल-भौमप्रदोष व्रत, मत्स्य द्वादशी व्रत।
3.बुध-पिशाचमोचन श्राद्ध, कपर्दीश्वर महादेव दर्शन, ज्येष्ठा के सूर्य दि.12:1।
4.गुरु-स्नान-दान-व्रत की पूर्णिमा।
8.सोम-सं.गणेश चतुर्थी व्रत चं.उ.रात 8:47।
12.शुक्र-कालाष्टमी, शुक्रास्त पश्चिम में रात 12:7।
14.रवि-पौष दशमी-जैन।
15.सोम-सफला एकादशी व्रत सबका।
16.मंगल-मूल-धनु संक्रांति दि.1:50, खरमास प्रारम्भ।
17.बुध-प्रदोष व्रत।
18.गुरु-मास शिवरात्रि व्रत, शिव चतुर्दशी व्रत।
19.शुक्र-स्नान-दान-श्राद्ध की अमावस्या, बकुल अमावस्या (उड़ीसा), कपिल धारा तीर्थ श्राद्ध।
21.रवि-चन्द्रदर्शन।
22.सोम-मु. रज्जब हि0 1447।
23.मंगल-वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रत।
25.गुरु-बड़ा दिन (क्रिसमस डे)।
26.शुक्र-अन्नरूपा षष्ठी-बंगाल।
29.सोम-शाम्ब दशमी-उड़ीसा, पू.षा. के सूर्य दिन 11:41।
30.मंगल-पुत्रदा एकादशी व्रत-सबका, वैकुण्ठ एकादशी-द.भा.।
31.बुध-कूर्म द्वादशी।

दिसम्बर जयन्ती

1.सोम-गीता जयंती, विश्व एड्स दिवस।
3.बुध-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती, किसान दिवस, भोपाल गैस त्रासदी दिवस।
4.गुरु-श्रीदत्तात्रेय प्राकट्योत्सव, अन्तर्गृही यात्रा काशी, षोडशी त्रिपुरसुन्दरी देवी प्राकट्योत्सव, नौसेना दिवस।
6.शनि-डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुण्य तिथि।
7.रवि-झण्डा दिवस।
10.बुध-मानवाधिकार दिवस।
14.रवि-ऊर्जा बचत दिवस।
15.सोम-पार्श्वनाथ जयंती।
25.गुरु-ईसा मसीह जयंती, पं. मदनमोहन मालवीय जयंती (अं.मत)।
26.शुक्र-जोर मेला पंजाब 3 दिन।
27.शनि-गुरु गोविन्द सिंह जयन्ती (प्रा.मत)।
28.रवि-जोर मेला समाप्त।
30.मंगल-तैलंग स्वामी जयंती।
31.बुध-नववर्ष की पूर्व सन्ध्या।

जीवनोपयोगी कुछ आवश्यक बातें

1. देवपूजा पूरब या उत्तर मुख होकर और पितृपूजा दक्षिण मुख होकर करनी चाहिये।
2. ताँबा मंगलस्वरूप, पवित्र एवं भगवान् को बहुत प्रिय है। ताँबे के पात्र में रखकर जो वस्तु भगवान् को अर्पण की जाती है, उससे भगवान् को बड़ी प्रसन्नता होती है। इसलिये भगवान् को जल आदि वस्तुएँ ताँबे के पात्र में रखकर अर्पण करनी चाहिये।
3. सदा पूर्व या दक्षिण की तरफ सिर करके सोना चाहिये। उत्तर या पश्चिम की तरफ सिर करके सोने से आयु क्षीण होती है तथा शरीर में रोग उत्पन्न होते हैं।
4. पूर्व की तरफ सिर करके सोने से विद्या प्राप्त होती है। दक्षिण की तरफ सिर करके सोने से धन तथा आयु की वृद्धि होती है। पश्चिम की तरफ सिर करके सोने से प्रबल चिन्ता होती है। उत्तर की तरफ सिर करके सोने से हानि तथा मृत्यु होती है अर्थात् आयु क्षीण होती है।
5. बाँस या पलाश की लकड़ी पर कभी नहीं सोना चाहिये।
6. दिन में और सूर्योदय के बाद सोना आयु को क्षीण करने वाला है। प्रातःकाल और रात्रि के आरम्भ में भी नहीं सोना चाहिये।
7. भोजन सदा पूर्व अथवा उत्तर की ओर मुख करके करना चाहिये।
8. परोसे हुए अन्न की निन्दा नहीं करनी चाहिये। वह स्वादिष्ट हो या न हो, प्रेम से भोजन कर लेना चाहिये। जिस अन्न की निन्दा की जाती है, उसे राक्षस खाते हैं।
9. भोजन करते समय मौन रहना चाहिये।
10. अधिक भोजन करना आरोग्य, आयु, स्वर्ग और पुण्य का नाश करने वाला तथा लोक में निन्दा कराने वाला है। इसलिये अति भोजन का परित्याग करना चाहिये।
11. थोड़ा भोजन करने वाले को छः गुण प्राप्त होते हैं—आरोग्य, आयु, बल और सुख तो मिलते ही हैं, उसकी सन्तान सुन्दर होती है तथा 'यह बहुत खाने वाला है' ऐसा कहकर लोग उसपर आक्षेप नहीं करते।
12. खड़े होकर जल नहीं पीना चाहिये।
13. जो एक हाथ से प्रणाम करता है, उसके जीवन भर का किया हुआ पुण्य निष्फल हो जाता है। पैर हमेशा दोनों हाँथों से छूना चाहिये।
14. किसी भी प्राणी के ऊपर से लाँघकर नहीं जाना चाहिये।
15. किसी भी शुभ या अशुभ वस्तु को न तो लाँघे और न उस पर पैर ही रखे।
16. आचार्य, पिता, माता और बड़ा भाई—इनका दुःखी होकर भी कभी अपमान न करे। आचार्य परमात्मा की मूर्ति, पिता ब्रह्मा की मूर्ति, माता पृथ्वी की मूर्ति और भाई अपनी ही मूर्ति है।
17. जो स्त्रियाँ घर के बर्तनों को सुव्यवस्थित रूप से न रखकर इधर-उधर बिखेरे रहती है, सोच-समझकर काम नहीं करतीं, सदा अपने पति के प्रतिकूल ही बोलती हैं, दूसरों के घरों में घूमने-फिरने में रुचि रखती हैं और लज्जा को सर्वथा छोड़ देती हैं, उन्हें लक्ष्मी त्याग देती हैं।
18. विवाह और विवाद सदा समान व्यक्तियों से ही होना चाहिये।
19. स्त्री को चाहिये कि वह धोबिन, कुलटा, अधम और कलहप्रिय स्त्रियों को कभी अपनी सखी न बनाये।
20. स्त्रियों का अपने भाई-बन्धुओं के यहाँ अधिक दिनों तक रहना उनकी कीर्ति, शील तथा पातिव्रत्य-धर्म का नाश करने वाला होता है।
21. रात्रि में भरपेट भोजन नहीं करना चाहिये।
22. कोई अतिथि घर पर आ जाय तो उसको प्रेमभरी दृष्टि से देखे। मन से उसका हित-चिन्तन करे। मीठी वाणी बोलकर उसे सन्तुष्ट करे। जब वह जाने लगे, तब कुछ दूर तक उसके पीछे जाय और जब तक वह रहे, तब तक उसके स्वागत-सत्कार में लगा रहे—ये पाँच काम करना गृहस्थ के लिये 'पञ्चदक्षिण-यज्ञ' कहलाता है।
23. अपनी ही वाणी से अपने गुणों का वर्णन करना अपने ही हाथों अपनी हत्या करने के समान है।
24. स्वजनों के साथ विरोध, बलवान् के साथ स्पर्धा और स्त्री, बालक, वृद्ध या मूर्ख के साथ विवाद कभी नहीं करना चाहिये।
25. शत्रु के भी गुणों को ग्रहण करना चाहिये और गुरु के भी दुर्गुणों का त्याग करना चाहिये।
26. स्त्री संग, भोजन और मल-मूत्र का त्याग सदा एकान्त में करना चाहिये।
27. छोटी-छोटी बात के लिये शपथ नहीं लेनी चाहिये। व्यर्थ शपथ लेने वाला मनुष्य इहलोक और परलोक में भी नष्ट होता है।
28. कुम्हड़ा काटने या फोड़ने वाली स्त्री और दीपक बुझाने वाला पुरुष कई जन्मों तक रोगी और दरिद्र होते हैं।
29. ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र अथवा नीच जाति में उत्पन्न हुए पुरुष से भी यदि ज्ञान मिलता हो तो उसे श्रद्धापूर्वक ग्रहण करना चाहिये।
30. कल किया जाने वाला काम आज और सायंकाल में किया जाने वाला काम प्रातःकाल में ही पूरा कर लेना चाहिये; क्योंकि मौत यह नहीं देखती कि इसका काम अभी पूरा हुआ है या नहीं?
31. अनेक कार्य उपस्थित होने पर बुद्धिमान् मनुष्य को आवश्यक कार्य पहले तथा शीघ्रता से करना चाहिये और न करने योग्य कार्य पीछे तथा देरी से करना चाहिये।
32. पत्र, पुष्प और फल को देवता पर उल्टा मुख करके नहीं चढ़ाना चाहिये। वे पत्र-पुष्पादि जिस रूप में उत्पन्न हों, उसी रूप में उन्हें देवता पर चढ़ाना चाहिये।
33. स्नान के बाद पुष्पचयन न करे; क्योंकि वे पुष्प देवता पर चढ़ाने योग्य नहीं माने गये हैं।
34. दूसरों से गाली सुनकर भी स्वयं उन्हें गाली नहीं देनी चाहिये। गाली को सहन करने वाले का रोका हुआ क्रोध ही गाली देने वाले को जला डालता है और उसके पुण्य को भी ले लेता है।
35. ये नौ बातें गोपनीय हैं, इन्हें प्रकट नहीं करना चाहिये—अपनी आयु, धन, घर का कोई भेद, मन्त्र, मैथुन, औषधि, तप, दान तथा अपमान।
36. अपनी स्त्री, भोजन और धन—इन तीनों में सन्तोष करना चाहिये; परन्तु अध्ययन (स्वाध्याय), तप (जप) और दान—इन तीनों में सन्तोष नहीं करना चाहिये।
37. मनुष्य को पाँच वर्ष तक पुत्र का प्यार से पालन करना चाहिये, दस वर्ष तक उसे अनुशासित रखना चाहिये और सोलह वर्ष की अवस्था प्राप्त होने पर उसके साथ मित्र की तरह व्यवहार करना चाहिये।
38. घर में टूटी-फूटी अथवा अग्नि से जल हुई प्रतिमा की पूजा नहीं करनी चाहिये। ऐसी मूर्ति की पूजा करने से गृहस्वामी के मन में उद्वेग या अनिष्ट होता है।
39. घर में प्रतिदिन पूजा के लिये वही प्रतिमा कल्याणदायिनी होती है, जो स्वर्ण आदि धातुओं की बनी हो तथा कम-से-कम अँगूठे के बराबर तथा अधिक-से-अधिक एक वित्ते की हो। जो टेढ़ी हो, जली हुई हो, खण्डित हो, जिसका मस्तक या आँख फूटी हुई हो अथवा जिसे चाण्डाल आदि अस्पृश्य मनुष्यों ने छू दिया हो, वैसी प्रतिमा की पूजा नहीं करनी चाहिये।
40. घर में दो शिवलिंग, तीन गणेश, दो शंख, दो सूर्यप्रतिमा, तीन देवी-प्रतिमा, दो गोमती-चक्र और दो शालग्राम का पूजन नहीं करना चाहिये। इनका पूजन करने से गृहस्वामी को दुःख, अशान्ति की प्राप्ति होती है।
41. विष्णु के मन्दिर की चार बार, शंकर के मन्दिर की आधी बार, देवी के मन्दिर की एक बार, सूर्य के मन्दिर की सात बार और गणेश के मन्दिर की तीन बार परिक्रमा करनी चाहिये।
42. घी का दीपक देवता के दायें भाग में और तेल का दीपक बायें भाग में रखना चाहिये।
43. कलह करने से आयु, धन, मित्र, यश तथा सुख का नाश होता है। अतः कलह कभी न करे।
44. विद्या चाहने वाले को क्षण का और धन चाहने वाले को कण का त्याग नहीं करना चाहिये, प्रत्युत क्षण-क्षण विद्या का अभ्यास और कण-कण धन का संग्रह करना चाहिये।
45. कभी भी छिपकर किसी की बातें नहीं सुननी चाहिये। दूसरों की गुप्त बातों को जानने की चेष्टा नहीं करनी चाहिये और जानने पर उन्हें छिपाना चाहिये।
46. अधिक साहस, अधिक शयन, अधिक जागरण, अधिक स्नान और अधिक भोजन न करे।
47. भगवान की आरती पंचदीप से करनी चाहिए।

निरोग रहने के दोहे

रक्तचाप बढ़ने लगे, तब मत सोचो भाय।
सौगंध राम की खाइ के, तुरंत छोड़ दो चाय॥
सुबह खाइये कुंवर सा, दोपहर यथा नरेश।
भोजन लीजै रात में, जैसे रंक सुरेश॥
घूंट-घूंट पानी पियो, रह तनाव से दूर।
एसिडिटी या मोटापा, होवें चकनाचूर॥
लौकी का रस पीजिये, चोकर युक्त पिसान।
तुलसी, गुड़, सेंधा नमक, हृदय रोग निदान॥
रोज मुलहठी चूसिये, कफ बाहर आ जाए।
बने सुरीला कंठ भी, सबको लगत सुहाए॥
भोजन करके खाइये, सौंफ, गुड़, अजवान।
पत्थर भी पच जाएगा, जानै सकल जहान॥
तुलसी का पत्ता करे, यदि हरदम उपयोग।
मिट जाते हैं हर उम्र में, शरीर के सारे रोग॥
जो नहावें गर्म जल से, तन मन हो कमजोर।
आँख ज्योति कमजोर हो, शक्ति घटे चहुँओर॥
ऊर्जा मिलती है बहुत, पियें गुनगुना नीर।
कब्ज खत्म हो पेट की, मिट जाए हर पीर॥
प्रातः काल पानी पियें, घूंट-घूंट कर आप।
बस दो-तीन गिलास है, हर औषधि का बाप॥
चैत्र माह में नीम की पत्ती हर दिन खावे।
ज्वर, डेंगू या मलेरिया, बारह मील भगावे॥
सौ वर्षों तक वह जिए, जो लेते नाक से सांस।
अल्पकाल जीवे वह, जो मुँह से श्वासोच्छवास॥
भोजन करके रात में, घूमें कदम हजार।
डॉक्टर, ओझा, वैद्य का लुट जाए व्यापार॥
भोजन करें धरती पर, अल्थी-पलथी मार।
चबा-चबा कर खाइये, वैद्य न झाँके द्वार॥
भोजन करके जोहिये, केवल घण्टा-डेढ़।
पानी इसके बाद पी, ये औषधि का पेड़॥
देर रात तक जागना, रोगों का जंजाल।
अपच, आँख के रोग संग, तन भी रहे निढाल॥
फल या मीठा खाइके, तुरंत न पीजै नीर।
ये सब छोटी आंत में, बनते विषधर तीर॥
एल्यूमिन के पात्र का, करता है जो उपयोग।
आमंत्रित करता सदा, वह अड़तालीस रोग॥
अलसी, तिल, नारियल, घी, सरसों का तेल।
इसका सेवन आप करें, नहीं होगा हार्ट फेल॥

* रोज पका केला खाने से शारीरिक दुर्बलतारूपी ल्यूकोरिया रोग व पुरुषों के प्रजनन शुक्राणु व कैल्शियम संबंधी रोगों को दूर करता है।
* ज्यादा से ज्यादा मीठी नीम/करी पत्ती अपने सब्जियों में डालें, सभी का स्वास्थ्य ठीक करेगा।
* ज्यादा से ज्यादा चीजें लोहे की कढ़ाई में ही बनाएँ, आयरन की कमी किसी को नहीं होगी।
* रिफाइंड तेल के बजाय केवल तिल, मूंगफली, सरसों और नारियल तेल का प्रयोग करें। रिफाइंड में बहुत केमिकल होते हैं।
* खाना खाने के बाद कुल्ला करके ही भोजन समाप्त करे, दाँत संबंधित रोग नहीं होंगे।
* लौकी, धनिया, पुदीना, शिमला मिर्च को पानी के साथ पीसकर रोज एक कप इसका रस बासी मुँह पियें इससे किडनी, फैटीलिवर, कील-मुँहासे एवं अन्य चर्म रोग की बिमारी से छुटकारा मिलेगा।

किस मास में क्या न खाएँ

चैते गुड़, बैशाखे तेल, जेठ के पंथ, असाढ़े बेल।
सावन साग, भादो मही, कुवार करेला, कार्तिक दही॥
अगहन जीरा, पूसै धनिया, माघै मिश्री, फाल्गुन चना।
जो कोई इतने परिहरै, ता घर बैद पैर नहिं धरै॥

द्वादश ज्योतिर्लिंग यात्रा

भगवान् शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों का अपना अलग ही महत्व है, पुराणों और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन 12 स्थानों पर जो शिवलिंग मौजूद हैं उनमें ज्योति के रूप में स्वयं भगवान् शिव विराजमान हैं, यही कारण है कि इन्हें ज्योतिर्लिंग कहा जाता है, इन ज्योतिर्लिंगों के दर्शन मात्र से ही श्रद्धालुओं के सभी पाप दूर हो जाते हैं।

1. सोमनाथ ज्योतिर्लिंग (गुजरात)—गुजरात के सौराष्ट्र में अरब सागर के तट पर स्थित है, देश का पहला ज्योतिर्लिंग जिसे सोमनाथ के नाम से जाना जाता है, शिव पुराण के अनुसार जब चंद्रमा को प्रजापति दक्ष ने क्षय रोग का श्राप दिया था, तब इसी स्थान पर शिवजी की पूजा और तप करके चंद्रमा ने श्राप से मुक्ति पाई थी, ऐसी मान्यता है कि स्वयं चंद्रदेव ने इस ज्योतिर्लिंग की स्थापना की थी।

2. मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग (आंध्र प्रदेश)—आंध्र प्रदेश में कृष्णा नदी के किनारे श्रीशैल पर्वत पर स्थित है मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग। इसे दक्षिण का कैलाश भी कहते हैं और इस ज्योतिर्लिंग के दर्शन मात्र से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं।

3. महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग (मध्य प्रदेश)—मध्य प्रदेश उज्जैन में शिप्रा नदी के तट पर स्थित है महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग। ये एकमात्र दक्षिणमुखी ज्योतिर्लिंग है, जहाँ रोजाना होने वाली भस्म आरती विश्व भर में प्रसिद्ध है।

4. ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग (मध्य प्रदेश)—ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र में स्थित है और नर्मदा नदी के किनारे पर्वत पर स्थित है, मान्यता है कि तीर्थ यात्री सभी तीर्थों का जल लाकर ओंकारेश्वर में अर्पित करते हैं तभी उनके सारे तीर्थ पूरे माने जाते हैं।

5. केदारनाथ ज्योतिर्लिंग (उत्तराखण्ड)—केदारनाथ ज्योतिर्लिंग उत्तराखंड में अलखनंदा और मंदाकिनी नदियों के तट पर केदार नाम की चोटी पर स्थित है, यहाँ से पूर्वी दिशा में श्री बद्री विशाल का बद्रीनाथधाम मंदिर है, मान्यता है कि भगवान केदारनाथ के दर्शन किए बिना बद्रीनाथ की यात्रा अधूरी और निष्फल है।

6. भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग (महाराष्ट्र)—भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, महाराष्ट्र में पुणे से करीब 100 किलोमीटर दूर डाकिनी में स्थित है, यहाँ स्थित शिवलिंग काफी मोटा है, इसलिए इसे मोटेश्वर महादेव भी कहा जाता है।

7. विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग (उत्तर प्रदेश)—उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर जिसे धर्म नगरी काशी के नाम से जाना जाता है, यहाँ पर गंगा नदी के तट पर स्थित है बाबा विश्वनाथ का मंदिर। जिसे विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग के नाम से जाना जाता है, ऐसी मान्यता है कि कैलाश छोड़कर भगवान् शिव ने यहीं अपना स्थाई निवास बनाया था।

8. त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग (महाराष्ट्र)—त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग महाराष्ट्र के नासिक से 30 किलोमीटर दूर पश्चिम में स्थित है, गोदावरी नदी के किनारे यह मंदिर काले पत्थरों से बना है, शिवपुराण में वर्णन है कि गौतम ऋषि और गोदावरी की प्रार्थना पर भगवान् शिव ने इस स्थान पर निवास करने का निश्चय किया और त्र्यंबकेश्वर नाम से विख्यात हुए।

9. वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग (झारखंड)—वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग झारखंड के देवघर में स्थित है, यहाँ के मंदिर को वैद्यनाथधाम के नाम से जाना जाता है। कहा जाता है कि एक बार रावण ने तप के बल से शिवजी को लंका ले जाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में व्यवधान आ जाने से शर्त के अनुसार शिवजी यहीं स्थापित हो गए।

10. नागेश्वर ज्योतिर्लिंग (गुजरात)—नागेश्वर मंदिर गुजरात में बड़ौदा क्षेत्र में गोमती-द्वारका के करीब स्थित है, धार्मिक पुराणों में भगवान् शिव को नागों का देवता बताया गया है और नागेश्वर का अर्थ होता है नागों का ईश्वर। कहते हैं कि भगवान् शिव की इच्छा अनुसार ही इस ज्योतिर्लिंग का नामकरण किया गया है।

11. रामेश्वर ज्योतिर्लिंग (तमिलनाडु)—भगवान् शिव का 11वां ज्योतिर्लिंग तमिलनाडु के रामनाथम नामक स्थान में है। ऐसी मान्यता है कि रावण की लंका पर चढ़ाई से पहले भगवान् राम ने जिस शिवलिंग की स्थापना की थी, वही रामेश्वर के नाम से विश्व विख्यात हुआ।

12. घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग (महाराष्ट्र)—घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग महाराष्ट्र के संभाजीनगर के समीप दौलताबाद के पास स्थित है। भगवान् शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से यह अंतिम ज्योतिर्लिंग है। इस ज्योतिर्लिंग को घुश्मेश्वर के नाम से भी जाना जाता है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार–

भारत का भविष्यफल सन् 2025 ई.



श्री द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
पुत्र- स्व. ठाकुर प्रसाद गुप्त

भोजन द्वारा रोगों का उपचार

डाईबिटीज का घरेलू उपचार– 1. एक चम्मच मेथी या दो आम की पत्ती, आधा गिलास पानी में रात को भिंगोकर सुबह खाली पेट पीयें। 2. दालचीनी, सेब व जामुन का सिरका, जामुन व जामुन के बीज का चूर्ण। 3. फल- सन्तरा, अमरूद, आँवला, आड़ू, चकोतरा। 4. सब्जी-करेला, नींबू, भिण्डी, प्याज, खीरा, टमाटर व अन्य हरी सब्जी खायें। 5. चावल- ब्राउन राइस, कुट्टू का चावल व सभी छिलके वाली दालों का प्रयोग करें।

कंधा, पीठ एवं जोड़ों के दर्द का घरेलू उपचार–ये रोग विटामिन-D एवं कैल्शियम की कमी से होता है। सुबह की धूप, काली तिल, मशरूम, दही, सन्तरा, शकरकन्द, कीवी, शिमला मिर्च। काडलीवर आयल (दवा की दुकान पर मिलता है), अण्डा, मछली (सैलमन, मैक्रील, सारडीन, टूना) (कूलर एवं Ac के सामने न सोएँ, ठण्डी चीजों का सेवन न करें)।

कोलेस्ट्राल कन्ट्रोल हार्ट की बीमारी को दूर रखे– अखरोट, बादाम, अलसी (तीसी), दालचीनी, ग्रीन-टी, काली तिल, लहसुन, सेब, तरबूज, केला, सन्तरा, कीवी, अवैकाडो, गाजर, टमाटर, पत्तागोभी, प्याज, शिमला मिर्च, खीरा, लालमिर्च, हरी मटर, बीन्स ये सभी चीजें मोटाई व चिकनाई को काटती हैं। (बिस्कुट, नमकीन, कोल्डड्रिंक्स एवं तली हुई चीजों का परहेज करें।) सभी सब्जियों का कच्चा सलाद खाना ज्यादा फायदेमन्द है।

हाई-वी.पी. के लिए घरेलू उपचार–तीसी (अलसी), मेथी या अड़हुल का फूल पानी में रात को भिगोकर सुबह पीये, नारियल का पानी, दही, लहसुन, किशमिश, अमरूद, केला, तरबूज, सन्तरा, नीबू, आँवला, अवैकाडो, प्याज, टमाटर, कीवी, शकरकन्द, ब्रोकली, करैला, सहजन। (कच्चा नमक एवं तली चीजें न खाएँ। अलग से नमक भी न खाएँ।) **नोट-** धूम्रपान, शराब, पान-मसाला न खायें क्योंकि इन सबसे वी.पी. बढ़ता है।

दिमागी ताकत के लिए–अखरोट, बादाम, अनार, सफेद तिल, कद्दू का बीज, दही, ब्राह्मी, शंखपुष्पी, काली तिल। (रात में बरफ व ठंढी चीजें न पीये। जिनको नींद की शिकायत हो)।

अनिद्रा के लिए–मछली, अलसी (तीसी), कद्दू का बीज, दही, शहद, बादाम।

थाइराइड के लिए–नारियल, काडलीवर आयल, (अश्वगन्धा जड़ी का प्रयोग दस दिन से ज्यादा न करें)। पत्तागोभी, हरी गोभी (ब्रोकली) कच्चा न खाएँ।

पैरालाइसिस (लकवा)–लहसुन, काली तिल, बैगन, मूली। (किसी एक्सपर्ट की राय से नियमित व्यायाम करें)।

स्त्री रोग–सन्तरा, नींबू, करौंदा, अमरख व अन्य सभी खट्टे फल तथा ठंढई-खरबूजा के बीज-100 ग्राम, तरबूजा के बीज-100 ग्राम, छोटी इलायची व गोल मिर्च स्वादानुसार, मोटी सौंफ-100 ग्राम, पोस्ता दाना-100 ग्राम, गुलाब की पत्ती-50 ग्राम।

चर्म रोगों के लिए घरेलू उपचार–ये रोग विटामिन-C की कमी से होता है। सन्तरा, शिमला मिर्च, दही, अखरोट, नीम की पत्ती, कीवी, शकर-कन्द, नींबू व सभी खट्टे फल जैसे- मुँहासे व अन्य सभी चर्म रोग में लाभदायक है। **न खाएँ**-कच्चा नमक, चाय, चाकलेट, कोल्ड्रिंक, तली चीजें, मलाई, खोवा, अजवाइन एवं मांस इत्यादि। **पानी ज्यादा पियें।**

शरीर के विकार को दूर करने वाले भोजन–सभी खट्टे फल जैसे- नीबू, संतरा इत्यादि, शैलजम, शिमला मिर्च, अखरोट, हल्दी, काली मिर्च, लहसुन, खीरा, हरी गोभी (ब्रोकली), छिलके वाली दाल, गेहूँ की दलिया।

शरीर को ठंडा रखने वाले फल एवं सब्जियाँ–नारियल, खरबूजा, तरबूजा, संतरा, नींबू, आम, कीवी, सेब, खीरा, टमाटर, पत्तागोभी, ब्रोकली, कटहल, गेहूँ के ज्वार इत्यादि।

ऊपर लिखी चीजों को नित्य भोजन में शामिल कर बदल-बदल कर लेने से रोग जल्द ही दूर हो जायेंगे।

विक्रम संवत् 2082 का आरम्भ 30 मार्च 2025, रविवार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हो रहा है। इस वर्ष कालयुक्त नामक संवत्सर होगा। नित्य संकल्पादि विनियोग में कालयुक्त नामक संवत्सर का प्रयोग होगा। इस वर्ष राजा मंत्री दोनों रवि है। अतः केन्द्र सत्ता व राज्यों के मध्य सामन्जस्य रहेगा। जगछग्न के विचार से विश्व में सामरिक गतिविधियां तेज होंगी। प्रमुख राष्ट्रों की विदेश नीति प्रतिकूल होगी।

पश्चिम राष्ट्रों में युद्धादि भय होगा। यवन तथा मुस्लिम राष्ट्रों में मँहगाई से जनता को कष्ट होगा। कहीं पदत्याग तथा राजनैतिक हत्याकाण्ड की घटना घटित होगी। किसी मुस्लिम राष्ट्र के प्रधान नेता के समक्ष विषम परिस्थितियाँ प्रगट होंगी। आरोपों के साथ मानहानि होगी। लोकहित में कार्य होंगे। सरकारी कोष तथा उद्योग धन्धों में वृद्धि होगी। सूचना प्रसारण तथा प्रकाशन हेतु मास कष्टकारी है। पशुओं को रोग होंगे। ज्वरादि का प्रकोप बढ़ेगा। उत्तर पश्चिम भाग में जन उपद्रव व अग्निकांड से क्षति संभव है। विपक्षी प्रबल होंगे। धार्मिक तथा सामाजिक संस्थाओं, चिकित्सालयों तथा सार्वजनिक उपक्रमों के संचालन में धन की कमी होगी। बन्दी सुधार गृहों में अराजकता होगी। कर्मचारियों द्वारा हड़ताल व आन्दोलन होंगे। किसी विशिष्ट व्यक्ति का निधन संभव है। राष्ट्रविरोधी षडयंत्रकारी कार्य होंगे। बजट जन अपेक्षा अनुरूप नहीं होगा। अपराधिक घटनायें बढ़ेगी। यान दुर्घटना संभव है। उत्तरी पूर्वी प्रान्तों तथा सूदूर पूर्वी प्रान्तों में कानून व्यवस्था की हानि होगी।

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में प्रगति होगी। दक्षिणी गोलार्ध के देशों में अग्निकाण्ड से क्षति होगी। कुछ राष्ट्र रोग अथवा महामारी से प्रभावित होंगे। विश्व में विनाशकारी शस्त्रों का भय होगा। उत्पादन में वृद्धि होगी। श्रमिकों तथा कर्मचारियों की समस्या का समाधान होगा। पश्चिमोत्तर भाग में राजनैतिक अस्थिरता तथा हिंसा होगी। चक्रवात का प्रकोप होगा। वाहन दुर्घटना तथा साम्प्रदायिक तनाव होंगे। अपराध तथा उपद्रवों की अधिकता होगी। मुस्लिम राष्ट्रों में मानवाधिकारों का उल्लंघन होगा। पूर्वोत्तर राज्यों में राजनैतिक उथल-पुथल, अग्निकाण्ड, बम-विस्फोट आदि से जनता को कष्ट होगा। महँगाई से जन-साधारण में असन्तोष, कहीं भयंकर भूकम्प आदि प्राकृतिक आपदा से जनधन की हानि होगी। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कहीं भयंकर युद्ध की संभावना, कहीं भयंकर बाढ़ की स्थिति बन सकती है। किन्हीं दो देशों में तनाव से अमेरिका आदि देश राजनीतिक लाभ उठायेंगे। तूफान चक्रवात से भयंकर हानि हो सकती है। पाकिस्तान एवं किसी समृद्ध राष्ट्र नायक को भारी परीक्षा की घड़ी से निकलना पड़ेगा। चीन, जापान, रूस, तिब्बत आदि में भूकम्प, प्राकृतिक प्रकोप से धन हानि, दक्षिणी प्रान्तों में वाहन, यान दुर्घटना होगी। राहु, मंगल का षडाष्टक योग से मुस्लिम राष्ट्रों के प्रमुख शासकों को विकट परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। विश्व व्यापार में परिवर्तन बनकर सुधार होने पर भी अनेक देशों में महँगाई, बेरोजगारी की समस्या आयेगी। वाद-विवाद व हंगामों का वातावरण बार-बार होगा। जिससे विकास में रुकावटें आयेंगी। राहु गुरु का नव पंचम योग एवं शनि मंगल का षडाष्टक योग से यूरोपीय देशों के सामने जटिल समस्यायें आयेंगी। आपसी विराधी विचारधारा के कारण वीटो अधिकार योग करने से विवश होंगे। पाकिस्तान में आतंकवादी भस्मासुर पाक में ही बगावत का कारण बनेगा। राजनीतिक हत्या काण्ड होंगे। सेना शासन में सक्रिय रहेगी। भारत में नयी-नयी योजना बनेगी, जिससे महँगाई में कमी आयेगी। चीन, बंगलादेश, पाकिस्तान की गतिविधि पर ध्यान देना होगा। सीमाओं पर अतिक्रमण हो सकता है। भीषण दुर्घटना से जन धन की हानि होगी। अमेरिका, केनेडा, ब्रिटेन, स्पेन, इटली आदि देशों में मुद्रा अवमूल्यन के कारण आर्थिक मन्दी का वातावरण रहेगा। सूर्य राहु का षडाष्टक योग से भारत में राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियाँ संघर्ष पूर्ण होंगी। नेपाल में माओवादी व आई.एस.आई के बढ़ते सहयोग से भारत की सीमा प्रान्त प्रभावित होंगे। बाद की स्थिति भयावह हो सकती है। पूर्वी राष्ट्रों में वर्मा, भूटान, चीन, जापान में भूकम्प बार-बार होगा। उत्तरी प्रान्तों के पर्वतीय क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाओं से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहेगा। अफगानिस्तान में सिया सुन्नी टकराव खतरा बनकर उभरेगा। वहाँ पर आतंकवादी हरकतों से हानि, भय तथा जनाक्रोश बढ़ेगा। केन्द्र स्थल व उत्तर प्रदेश, बिहार के क्षेत्रों में जनता में क्रोध की स्थिति बढ़कर तोड़फोड़, अग्नि काण्ड से हानि होगी। थोड़े समय के लिये चार ग्रहों का योग बनने से चीन, जापान, वियतनाम, रूस, तिब्बत, वर्मा आदि में भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से जन-धन हानि होगी। गुरु राहु का नव पंचम योग से छत्तीसगढ़, जम्बू काश्मीर आदि प्रान्तों में उग्रवादी ग्रुपों द्वारा भारी जन-धन की हानि होगी। बिहार में राजनीति गर्म रहेगी। अरब, ईरान, ईराक तथा पाकिस्तान राष्ट्रों में शासकों में आपसी मतान्तर बनकर विग्रह बढ़ेगा। संवेदनशील क्षेत्रों में तथा अशान्त सीमा प्रान्तों में सैन्यबल से संघर्ष होगा। कुछ मुस्लिम राष्ट्रों में भयंकर युद्ध की स्थिति बनेगी। जनता स्थानान्तरण के लिये विवश होगी। मुस्लिम देश पूर्वोत्तर भारत में इस्लामीकरण की मनोवृत्ति को प्रेरित करके उपद्रव करा सकते हैं। असम, त्रिपुरा की तरफ विशेष ध्यान दें। मेघालय, मणिपुर आदि बंगला देशी बहुल प्रदेश पश्चिमोत्तर बिहार के सीमा में वातावरण अशान्त होगा। उत्तरी प्रान्तों के पर्वतीय क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदा आ सकती है। पूर्वी राष्ट्र वर्मा, भूटान, जापान में भूकम्प आ सकता है। जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त होगा। देश में जटिल समस्याओं को उत्पन्न करेगा। ब्रिटेन, स्कॉटलैण्ड, जापान, रुस आदि में भारी परिवर्तन संभव है। यूरोप में किसी विशिष्ट प्रशासक व्यक्ति विशेष की मृत्यु व हत्या से शोक व्याप्त होगा। अग्नि काण्ड से हानि, कहीं विस्फोट व यान दुर्घटना से जन-धन की हानि का समाचार मिलेगा। इस समय फारस की खाड़ी में तनाव बढ़ सकता है।

भारत में धार्मिक विषयों पर तेजी दिखेगी। विदेशी व्यापार में प्रगति एवं घरेलु उद्योगों में प्रगति होगी। अन्तरिक्ष विज्ञान तथा तकनीकि ज्ञान का प्रसार होगा। प्रकाशन के क्षेत्र में मंदी हो सकती है। किसी अवांक्षनीय घटना का प्रभाव विदेशी संबंधों पर पड़ेगा, जिससे व्यापारिक साख पर अल्पकालीन प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। सरकार अपना कार्य दायित्व निष्ठापूर्वक करेगी। किसी प्रसिद्ध महिला राजनेता का वियोग होगा। सत्तापक्ष के समक्ष विपक्ष निर्बल होगा। किसी प्रमुख राष्ट्रीय दल में नेतृत्व परिर्वतन तथा विघटन का संकेत है। शेयर तथा सट्टा बाजार में अस्थिरता होगी। लौह, धातुओं, स्वर्ण, रजत में मंदी होगी। सर्राफा बाजार में तेजी होगी। उत्तरपूर्वी तथा दक्षिण में सैन्य संघर्ष तथा जातीसंघर्ष संभव है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्राकृतिक प्रकोप तथा भूकम्पादि से क्षति होगी। बजट में नवीन करारोपण का तथा आवास तथा स्वास्थ्य, चिकित्सा संबधी नीतियों पर विशेष प्रस्ताव होगा।

पश्चिमोत्तर भाग में चक्रवाती प्रकोप रहेगा। वातावरण में उष्णता अधिक होगी। पूर्व दक्षिण भाग के कुछ भागों में जल संकट तथा अकाल पड़ेगा। देश के मध्यभाग में वर्षा की अधिकता तथा पूर्वी भाग के कुछ क्षेत्रों शुष्कता से फसल को क्षति होगी। दक्षिण समुद्र तटीय भाग में तूफान का प्रकोप रहेगा। खरीफ की फसल का उत्पादन उत्तम रहेगा। सम्पूर्ण धान्य उत्पन्न होंगे। अन्न में सस्ती रहेगी। रवी की फसल में साधारण हानि संभव है। तत्पश्चात उत्पादन संतोषप्रद रहेगा। रोग तथा कीटों से उपज को क्षति होगी। अनाज के भावों में प्रायः स्थिरता होगी।

विकसित देशों में सत्ता परिर्वतन होगा। पश्चिम में तथा पूर्वी भाग में सामाजिक व नस्लीय संघर्ष होगा। प्रमुख राष्ट्राध्यक्षों तथा संस्थानों पर आरोप प्रत्यारोप होगा। कल्याणकारी संस्थाओं तथा वित्तप्रदायी संस्थानों को धन की कमी होगी। पश्चिम भूभाग पर विशेषकर फारस के यवन राष्ट्रों मे सैन्यसंघर्ष, सत्तादखल तथा स्त्रीयों तथा बच्चों के प्रति अपराध तथा उत्पीड़न की घटनायें घटित होंगी। किसी पर्यटन स्थल पर अग्नि-काण्ड तथा अव्यवस्था से जनक्षति संभव है। अनैतिक आचरण तथा बाल अपराधों के प्रति जनाक्रोश होगा। पत्र-पत्रिकाओं, संचार माध्यमों पर सरकारी नियंत्रण रहेगा। पूर्वोत्तर भूभाग में मंगोल शासित राष्ट्र चीन तथा रुस में मानवाधिकार उल्लघंन तथा दमनकारी घटनायें होंगी। प्रमुख शेयर बाजारों में अल्पकालीन निवेश में उचित प्रतिफल प्राप्त नहीं होगा। सट्टा बाजार में क्षति, किसी वित्तीय अपराध का विषय प्रभावित करेगा। स्वर्ण में मंदी तथा चांदी तथा लौह पदार्थों के भावों में अल्प वृद्धि के पश्चात मंदी होगी। विलासित वस्तुओं का उत्पादन अधिक होगा। कारागृहों में अराजकता होगी। किसी संचारी रोग का प्रभाव दिखाई पड़ेगा। स्वच्छ ऊर्जा के स्रोतों का प्रसार होगा।

—सम्पादक

ग्रहण विवरण

सन् 2025 में विश्व में कुल 4 ग्रहण लग रहे हैं। जिसमें 2 सूर्यग्रहण तथा 2 चन्द्रग्रहण है। भारत में एक चन्द्रग्रहण दृश्य होगा।

1. **खग्रास चन्द्र ग्रहण**—दिनांक 13/14 मार्च 2025 को लगने वाला खग्रास चन्द्र ग्रहण **भारत में दृश्य नहीं होगा।** यह ग्रहण यूरोप, अधिकांश मध्य एशिया, अधिकांश पश्चिम अफ्रीका, उत्तरी व दक्षिण अमेरिका, पैसफिक क्षेत्र, अटलांटिक, आर्कटिक, अन्टार्कटिका क्षेत्र में दृश्य होगा। यूनिवर्सल समयानुसार यह ग्रहण सूर्यास्त के समय खण्डचन्द्रग्रहण के रूप में इसका प्रारंभ घं. 5:9 पर होगा तथा इसका मोक्ष घं. 8:48 पर होगा। यूनिवर्सल समयानुसार खग्रासचन्द्रग्रहण का प्रारंभ घं. 6:25 पर होगा तथा इसका मोक्ष घं. 7:31 पर होगा। यह खग्रासचन्द्रग्रहण अमेरिका, मेक्कसिको, ब्राजील, पनामा, कोलम्बिया क्षेत्रों में दृश्य होगा। ग्रहण का मध्य घं. 6:59 पर होगा। इसका ग्रासमान 1.1784 पर होगा।

2. **खण्ड सूर्य ग्रहण**—दिनांक 29 मार्च 2025 का खण्डसूर्यग्रहण **भारत में दृश्य नहीं होगा।** यह ग्रहण यूरोप, उत्तर व पश्चिम अफ्रीका, अटलांटिक, आर्कटिक क्षेत्र में दृश्य होगा। यूनिवर्सल समयानुसार यह ग्रहण सूदुर उत्तर पूर्व क्षेत्र में इसका प्रारंभ घं. 8:50 पर होगा तथा इसका मोक्ष घं. 12:43 पर होगा। इस ग्रहण का मध्य घं.10:47 पर होगा। इसका ग्रासमान 0.9361 पर होगा।

3. **खग्रास चन्द्र ग्रहण**—भाद्रपदशुक्ल 15, रविवार 7 सितम्बर 2025 यह खग्रास चन्द्र ग्रहण **सम्पूर्ण भारत दृश्य होगा।** यह भारत के अलावा यूरोप, एशिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका के पश्चिम भाग में, दक्षिण अमेरिका के पूर्व में, रुस, चीन, जापान, आस्ट्रेलिया, अटलांटिक, पैसफिक आर्कटिक, अन्टार्कटिका आदि क्षेत्रों में दृश्य होगा। भारतीय समयानुसार चन्द्रास्त के समय आस्ट्रेलिया महाद्वीप के पश्चिम भाग में ग्रस्तास्त खण्डचन्द्रग्रहण के रूप में इसका प्रारंभ रात 9:57 से होगा तथा चन्द्रोदय के समय अफ्रीका महाद्वीप के पश्चिम भाग में खण्डचन्द्रग्रहण मोक्ष रात 1:26 पर होगा। खग्रासचन्द्रग्रहण के रूप में यह भारतीय महाद्वीप, अरब क्षेत्र, चीन, आस्ट्रेलिया, रुस, चीन, जापान में दृश्य होगा। खग्रासचन्द्रग्रहण का प्रारंभ रात 11:1 से होगा तथा मोक्ष रात 12:23पर होगा। इस ग्रहण का मध्य रात 11:42 पर होगा इसका ग्रासमान 1.362 होगा।



काशी	घटी	पल	घंटा मिनट	भा०मा०स० घं०मि०
स्पर्श	40	23	रा 9।57	21।57
मिल्लन	43	2	रा 11।1	2301
मध्य	44	45	रा 11।42	23।42
उन्मीलन	46	28	रा 12।23	24।23
मोक्ष	49	5	रा 1।26	25।26

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या
लाभ	सुख	माननाश	मृत्यु तुल्य कष्ट	स्त्रीपीड़ा	सौख्य
तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
चिंता	व्यथा	श्री	क्षति	घात	हानि

4. **खण्डससूर्यग्रहण**—21 सितम्बर 2025 ई0। यह खग्राससूर्यग्रहण **भारत दृश्य नहीं है।** यह सूर्यग्रहण केवल दक्षिण गोलार्द्ध में आस्ट्रेलिया महाद्वीप के दक्षिण भाग, अटलांटिक क्षेत्र, अन्टार्कटिका क्षेत्र में यह सूर्योदय के समय दृश्य होगा। यूनिवर्सल समयानुसार खण्डसूर्यग्रहण का प्रारंभ सायं 5:29 से फिजी द्वीपसूमह के सूदूर उत्तरीपूर्वीक्षेत्र से होगा तथा अटार्कटिका क्षेत्र के सूदूर दक्षिण पूर्वीक्षेत्र में इसका मोक्ष रात 9:54 पर होगा। यूनिवर्सल समयानुसार इस ग्रहण का मध्य रात 7:42 होगा। इसका ग्रासमान 0.8550 होगा।

सूतक विचार—धर्मशास्त्र के अनुसार चन्द्रग्रहण से 9 घण्टे पूर्व तथा सूर्यग्रहण में 12 घण्टे पूर्व ग्रहण का सूतक होता है। इसमें बालक, वृद्ध और रोगी को छोड़कर अन्य लोगों को भोजन आदि नहीं करना चाहिए। **विशेष**—सूर्यास्त पश्चात् इस सूर्य ग्रहण का मोक्षकाल माना जायेगा।

प्रयाग कुम्भ महापर्व

प्रयागराज में महाकुम्भ पर्व (12 वर्ष) के अन्तराल पर होता है, **'मेषराशि गते जीवे मकरे चन्द्रभास्करौ। अमावस्या तदा योगः कुम्भाख्यः तीर्थनायकौ॥ मकरे च दिवानाथे ह्यजगे च बृहस्पतौ। कुम्भयोगो भवेत्तत्र प्रयागे ह्यति दुर्लभः॥'** गुरु मेषराशि तथा सूर्य-चन्द्र के मकरराशि में होने पर ऐसा योग माघकृष्ण अमावस्या को होता है। उस समय प्रयाग में त्रिवेणी के संगम तट पर अमृत कणों की वर्षा होती है। किन्तु इस सन्दर्भ में एक अन्य श्लोक भी प्राप्त होता है। **'वृषराशि गते जीवे मकरे चन्द्रभास्करौ। अमावस्या तदा योगः कुम्भाख्यः तीर्थनायकौ॥ मकरे च दिवानाथे वृषराशिगते गुरौ। प्रयागे कुम्भयोगो वै माघमासे विधुभये॥'** इसके अनुसार वृषराशि में गुरु और मकरराशि में सूर्य-चन्द्रमा के आने पर माघकृष्ण अमावस्या को प्रयागराज में महाकुम्भ पर्व होता है।

प्रयागराज में कुम्भ के तीन प्रमुख स्नान होते हैं—

1. प्रथम स्नान **मकर संक्रान्ति** (मेष या वृष में गुरु माघ माह में होने पर) 14 जनवरी, मंगलवार 2025।
2. द्वितीय स्नान **माघकृष्ण अमावस्या** (मुख्य स्नान, **मौनी अमावस्या**) 29 जनवरी, बुधवार 2025।
3. तृतीय स्नान **माघ शुक्ल पंचमी (वसन्त पंचमी)** 3 फरवरी, सोमवार 2025।

ज्योतिषकर्ता :
पं.श्री श्रीकान्त तिवारी
सामने घाट, वाराणसी
पं. श्री विशाल उपाध्याय
भदैनी, वाराणसी
पं. श्री पुनीत मिश्र
भरत नगर कालोनी, मौजा हाल,
पंचक्रोशी मार्ग, पाण्डेयपुर, वाराणसी-7
श्री छेदीराम (ज्योतिर्विद)
भोजूबीर, सदर तहसील, वाराणसी
प्रकाशक :
रुपेश ठाकुर प्रसाद प्रकाशन
कचौड़ीगली, वाराणसी-1
फोन-0542-2392543, 2392471
E-Mail : rupeshpanchang@gmail.com
मुद्रक : भारत प्रेस, कचौड़ीगली, वाराणसी-1

हर प्रकार की पुस्तकों के प्रकाशक, मुद्रक एवं थोक विक्रेता—
श्री ठाकुर प्रसाद पुस्तक भण्डार, कचौड़ीगली, वाराणसी-1